

MPHIN/2021/83938

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 135 | ग्वालियर,25 जनवरी गुरुवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## एक नजर

### फोन उठा लो तुम नहीं जानते कि... गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से इस बीजेपी नेता को मिली धमकी



इंदौर में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के करीबी नेता कहे जाने वाले एक बीजेपी नेता द्वारा व्हाट्सएप कॉल नहीं उठाया गया तो खुद को लॉरेंस बिश्नोई बताने वाले शख्स ने वॉइस मैसेज पर जान से मारने की धमकी दे डाली. दरअसल बीजेपी नेता अमरदीप सिंह को 19 जनवरी को व्हाट्सएप के जरिए कॉल आया था. कॉल नहीं उठाने पर बदमाश ने वॉइस मैसेज भी किया. अब इस मामले की क्राइम ब्रांच में शिकायत की गई है. फरियादी द्वारा दिए गए नंबर के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है.

**ये है मामला**–मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में लॉरेंस बिश्नोई के नाम से बीजेपी के एक नेता और व्यापारी को धमकाने का मामला सामने आया है. मामले से इंदौर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. वॉइस मैसेज के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है.दरअसल प्रदेश में इंदौर शहर की आर्थिक राजधानी के रूप में जाना जाता है यहां पर कई छोटे-बड़े व्यापारी हैं जिन्हें कई बार छोटी-बड़े गैंग्स के माध्यम से धमकियां मिलती हैं. इधर एक बार फिर से देश का कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से बीजेपी के नेता और व्यापारी अमरदीप सिंह को धमकी मिलने का मामला सामने आया है.बताया जा रहा है कि 19 जनवरी को जहां पूरा देश श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव की तैयारी कर रहा था. इस दौरान बीजेपी नेता अमरदीप सिंह को व्हाट्सएप कॉल आया जिस पर से उन्होंने व्हाट्सएप कॉल नहीं उठाया तो कुछ ही देर बाद वॉइस मैसेज आया और वॉइस मैसेज में कहा गया कि फोन उठा लो तुम नहीं जानते कि हम क्या कर सकते हैं और उसने अपना नाम लॉरेंस बिश्नोई कहा इसके बाद बीजेपी नेता ने पूरे मामले में संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेताओं को पूरे जानकारी दी.मामले में क्राइम ब्रांच प्रभारी आदित्य मिश्रा ने बताया कि पूरे मामले को लेकर क्राइम ब्रांच द्वारा वॉइस मैसेज और व्हाट्सप कॉलिंग के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. प्राथमिक रूप से बताया जा रहा है कि जिस नंबर से कॉल आया था वह नंबर बंद हो चुका है, लेकिन प्राथमिक रूप से अधिकारियों का कहना है कि ÷भगवान÷ के नाम से ट्रूकॉलर पर नजर आ रहा नंबर लोकल भी हो सकता है.बता दें इससे पहले भी तमाम लोगों को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकियां मिल चुकी हैं. बीजेपी नेता विधानसभा चुनाव के दौरान इंदौर शहर के प्रभारी भी रहे हैं और अभी फिलहाल वह ग्वालियर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के बीजेपी उपाध्यक्ष पद पर हैं और निजी व्यापार व्यवसाय भी करते हैं फिलहाल क्राइम ब्रांच नंबर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है.

### नीतीश कुमार की अंतरात्मा जाग चुकी है, जल्दी ही..., अटकलों के बीच बीजेपी के इस बड़े नेता का दावा



बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के एलान के बाद बिहार का सियारी पारा चढ़ गया है. पड़ोसी राज्य झारखंड से सियासी बयानबाजी सामने आ रही है. झारखंड बीजेपी के चीफ बाबूलाल मरांडी ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लेकर बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की अंतरात्मा जाग चुकी है. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया दी.बाबूलाल मरांडी ने लिखा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी की सरकार द्वारा कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद नीतीश कुमार जी की अंतरात्मा भी जाग चुकी है. कर्पूरी ठाकुर दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने, अलग-अलग दायित्वों का निर्वहन किया लेकिन कभी भी राजनीति में परिवारवाद को आगे नहीं बढ़ाया. उनकी जयंती के अवसर पर नीतीश कुमार जी के द्वारा परिवारवादी राजनीति की भर्त्सना करना स्वागत योग्य है. हम आशा करते हैं कि, परिवारवादी शक्तियों में जकड़ चुके बिहार की जनता को मुक्ति दिलाने के लिए नीतीश जी शीघ्र ही कोई ठोस कदम उठाएंगे.÷

**सीएम नीतीश ने क्या कहा**–दरअसल, पटना में कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह में बिहार के सीएम नीतीश ने कहा, ÷कर्पूरी ठाकुर की तरह, मैंने भी राजनीति में अपने परिवार को कभी बढ़ावा नहीं दिया.÷ वो पटना में जेडीयू की रैली में बोल रहे थे.

### यूपी से लोकसभा चुनाव की हुंकार भरेंगे पीएम मोदी

# बुलंदशहर में 19,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की देंगे सौगात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में बृहस्पतिवार को 19,100 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. अधिकारियों ने यह जानकारी दी.अधिकारियों ने बताया कि मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के न्यू खुर्जा और न्यू रेवाड़ी के बीच 173 किलोमीटर लंबे डबल-लाइन विद्युतीकृत खंड का उद्घाटन दोनों स्टेशनों के बीच मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर करेंगे.

नया डीएफसी खंड महत्वपूर्ण-अधिकारियों ने कहा कि यह नया डीएफसी खंड महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पश्चिमी और पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के बीच महत्वपूर्ण संपर्क स्थापित करता है. उन्होंने बताया कि यह



खंड इंजीनियरिंग के लिए भी जाना जाता है क्योंकि इसमें ऊंची विद्युतीकरण वाली एक किलोमीटर लंबी डबल-लाइन रेल सुरंग है, जो दुनिया में अपनी तरह की पहली सुरंग है.उन्होंने कहा कि इस सुरंग को डबल-स्टैक कंटेनर ट्रेन को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. यह नया डीएफसी खंड डीएफसी ट्रैक पर मालगाड़ियों के स्थानांतरण के कारण यात्री ट्रेनों के संचालन को बेहतर बनाने में मदद करेगा.अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मथुरा-पलवल और चिपियाना बुजुर्ग-दादरी खंडों को जोड़ने वाली चौथी रेल लाइन और कई सड़क विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे.उन्होंने कहा कि कुल पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित ये सड़क परियोजनाएं संपर्क में सुधार करेंगी और क्षेत्र में आर्थिक विकास में मदद करेंगी.टाउनशिप को 1,714 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया-अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जिन अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे उनमें इंडियन ऑयल की टूंडला-गवारिया पाइपलाइन और ग्रेटर नोएडा में 'एकीकृत (आईआईटीजीएन) शामिल हैं. आईआईटीजीएन को गतिशक्ति परियोजना के तहत विकसित किया गया है.इस टाउनशिप को 1,714 करोड़ रुपये की लागत से 747 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया गया है. यह दक्षिण में पूर्वी पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और पूर्व में दिल्ली-हावड़ा ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के साथ पूर्वी और पश्चिम डीएफसी के चौराहे के नजदीक अवस्थित है.अधिकारियों ने बताया कि आईआईटीजीएन का रणनीतिक स्थान अद्वितीय संपर्क सुनिश्चित करता है क्योंकि मल्टी-मॉडल संपर्क के लिए अन्य बुनियादी ढांचे इस परियोजना के आसपास मौजूद हैं.

### सीएम ममता बनर्जी के एलान के बाद कांग्रेस नेता ने इंडिया को बताया दलदल, कहा- अभी तो और...

लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन यानी ढ्ढहृष्ठढ्ढ अलायंस को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एलान किया है कि वह राज्य में अकेले चुनाव लड़ेंगी. उनके इस एलान पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि लंबी यात्रा में स्पीड ब्रेकर आते हैं.दीगर है कि बनर्जी ने बुधवार को कहा कि उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस में किसी से बात नहीं की है. उनकी यह टिप्पणियां तब आयी है जब एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम में कहा कि सीटों के बंटवारे पर तृणमूल कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है.बनर्जी ने पूर्वी बर्द्धमान के लिए रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, 'मैंने सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस में किसी से बात नहीं की है.' बनर्जी का पूर्वी बर्द्धमान में एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने का कार्यक्रम है.उन्होंने कहा, 'कांग्रेस को अपने दम पर 300 सीटों पर चुनाव लड़ने दीजिए. क्षेत्रीय दल एकजुट हैं और बाकी सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं. हालांकि, हम उनके (कांग्रेस) किसी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेंगे.' टीएमसी, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) 28 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं.उधर, बनर्जी के बयान पर कांग्रेस महासचिव(संचार) जयराम रमेश ने कहा, ÷.ममता बनर्जी का पूरा बयान है कि हम को हराना चाहते हैं. ये एक लंबा सफर है. रास्ते में कभी-कभी स्पीड ब्रेकर आ जाते हैं, कभी-कभी हरी बत्ती आ जाती है. तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्तंभ है. हम ममता बनर्जी के बिना, गठबंधन की कल्पना नहीं कर सकते हैं. कुछ न कुछ रास्ता निकाला जाएगा.÷



### रामलला के वस्त्र बनाने वाले डिजाइनर को कुमार विश्वास ने दी बधाई, बताया उनसे खास कनेक्शन



अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्राण प्रतिष्ठा के बाद जब प्रभु रामलला की पहली झलक जा सामने आई तो उनकी मोहिनी सूरत देखकर पूरा देश भाव-विभोर हो गया. रामलला के अद्भुत दर्शन और रूप ने हर किसी का मन मोह लिया है. उनके मुकुट से लेकर सुंदर वस्त्रों को देखकर कोई उनसे नज़र नहीं हटा सका. प्राण प्रतिष्ठा के दिन रामलला के पीले रंग के वस्त्र धारण किए थे, जिन्हें प्रसिद्ध डिजाइनर मनीष त्रिपाठी ने बनाया है, जिनका मशहूर कवि और पूर्व आप नेता कुमार विश्वास से भी खास कनेक्शन है.कुमार विश्वास ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर खुद इसकी जानकारी दी है और मनीष के काम की दिल खोलकर तारीफ की, उन्होंने कहा, मनीष को रामलला के वस्त्र डिजाइन करने को अवसर मिला ये उनके द्वारा किए गए पुण्यों का फल हैं. कुमार विश्वास ने रामलला की वस्त्र डिज़ाइन करते हुए मनीष त्रिपाठी की तस्वीरें भी शेयर की है, जिसमें मनीष अपने हाथों से रामलला के वस्त्रों को सुई धागे से मोती लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं. रामलला के पीतांबर वस्त्रों की सुंदरता देखते ही बन रही है. प्राण प्रतिष्ठा के दिन सबसे पहले यही वस्त्र रामलला को पहनाए गए थे. कुमार विश्वास ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कहा, चर्चित डिजायनर प्रिय अनुज मनीष त्रिपाठी ने मुझे ढेरों शानदार कपड़े डिजाइन करके पहनाए हैं पर मैं उसे छेड़ने के लिए हर बार उनमें कोई न कोई कमी निकाल देता था. पर आज स्वयं मेरे राघवेंद्र सरकार ने उसके हाथों से वस्त्र-विन्यास स्वीकार किया है. यह उसके संचित जन्मों के पुण्य का प्रकटीकरण है. मेरे अशेष आशीर्वाद प्यारे मनीष त्रिपाठी.प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रभु रामलला ने मनीष त्रिपाठी के डिज़ाइन किए हुए वस्त्र ही धारण किए थे. पीतांबर वस्त्रों में उनके रूप ने हर किसी के मन को मोह लिया था. रामलला ने पीले रंग की धोती के साथ लाल रंग का अंग वस्त्र धारण किया था

## रामलला के दर्शन के लिये लगा भक्तों का तांता दोपहर तक लगभग तीन लाख लोगों ने किये दर्शन

अयोध्या स्थित राम मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार को भी रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और दोपहर तक लगभग तीन लाख लोगों ने दर्शन किये. जिला प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक दोपहर तक तीन लाख लोगों ने रामलला के दर्शन किए हैं.राम मंदिर में सोमवार को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी. इसके अगले दिन मंगलवार को राम मंदिर के कपाट आम जनता के लिए खोल दिये गये थे.भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने %पीटीआई-भाषा% को बताया, कल और आज की व्यवस्था में केवल इतना ही परिवर्तन है कि हमने दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के लिए एक बेहतर कतार प्रणाली लागू की है. हमने अलग-अलग कतारों में सुचारू प्रवेश और निकास सुनिश्चित करने की व्यवस्था की है. स्थिति अब पूरी तरह अनुकूल



और नियंत्रण में है.÷

**आज जन सुविधा केंद्र शुरु** - संजय प्रसाद गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने मंदिर में भीड़ प्रबंधन के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछे जाने पर कहा, आप खुद देख सकते हैं, कहीं लम्बी कतारें नहीं हैं. आज सुबह सात बजे से पहले भी लोग आ गये थे. सब लोग आराम से कतार में लगे हुए थे. इसके बाद से उनका दर्शन अनवरत जारी है.

उन्होंने कहा, आज जन सुविधा केंद्र शुरु हुआ है. निकासी का अलग रास?ता बना दिया गया है तो अब लोग अलग-अलग रास्तों से निकल रहे हैं और कहीं कोई भीड़ नहीं है. मुझे लगता है कि अब चीजें इस पर निर्भर करेंगी कि कितनी भीड़ और आती है. आज हम लोग इसे देखेंगे.''

उन्होंने कहा, ''हम मार्ग परिवर्तन की समीक्षा करेंगे. मुख्यमंत्री ने यहां पर बैठक की है. अयोध?या में बहुत सारे धार्मिक आयोजन हो रहे हैं. धीरे-धीरे जब यहां भीड़ कुछ कम होगी तो आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा.'अयोध्या में दर्शनार्थियों की व्यापक भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुल्तानपुर से अयोध्या तक सड़क मार्ग को बंद कर दिया गया है. उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के क्षेत्रीय प्रबंधक नागेंद्र प्रसाद पांडे ने कहा कि सुल्तानपुर की जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना के मौखिक आदेश पर अयोध्या के लिए बसों का संचालन बंद कर दिया गया है.

## रामपथ पर भक्तों का सैलाब, सरकार ने पुलिसकर्मियों पर लिया बड़ा फैसला, बढ़ाई तैनाती की तारीख



अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला के दर्शन को आतुर भक्तों का रामजन्म भूमि परिसर में आना जारी है. इस बीच सरकार ने पुलिसकर्मियों की तैनाती पर बड़ा फैसला लिया है. दूसरे जिलों से अयोध्या में आई पुलिस की तैनाती की तारीख आगे बढ़ा दी गई है.बताया गया कि पुलिसकर्मी 25 जनवरी तक अयोध्या में रहेंगे. पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था एलआर कुमार द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है कि निदेशानुसार जनपद अयोध्या में दिनांक 22 जनवरी 2024 को श्रीरामजन्मभूमि में श्रीरामलला की मूर्ति की स्थापना (प्राण प्रतिष्ठा) मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर पीएम, सहित विभिन्न अतिविशिष्ट, विशिष्ट महानुभानों के प्रस्तावित आगमन, भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत शान्ति और कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी हेतु मुख्यालय स्तर से दिनांक 23 जनवरी तक की अवधि के लिए आवंटित राजपत्रित अधिकारी, अराजपत्रित पुलिस कार्मिक, प्रशिक्षणाधीन उ.नि./ मु.आ.स.पु. व पीएसी बल में मेरठ जोन के जनपदों के आवंटित पुलिस को छोड़कर शेष राजपत्रित अधिकारी, अराजपत्रित पुलिस कार्मिक, प्रशिक्षणाधीन उ.नि./ मु.आ.स.पु. व पीएसी बल की कर्तव्य अवधि दिनांक 25 जनवरी 2024 तक बढ़ाई जाती है.इस बीच उत्तर प्रदेश के (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया, ÷बेहतर भीड़ प्रबंधन तथा बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था, ये दो चीजें थीं जो हमने यहां आने के बाद सुनिश्चित की. शासन का निर्देश था कि किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा ना हो. जो भी प्रबंध रात भर में अंतर्विभागीय समन्वय से हमने किया था उसके अच्छे और सुखद परिणाम देखने को मिल रहे हैं. क्योंकि सभी श्रद्धालुओं को अपनी कतारों में लगा दिया जा रहा है और अनवरत दर्शन चल रहे हैं.÷

### ज्ञानवापी में वजूखाने के सर्वे की अर्जी पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई, हिन्दू पक्ष ने की है मांग



वाराणसी के ज्ञानवापी विवाद को लेकर आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. कोर्ट में ज्ञानवापी परिसर के वजूखाने का सर्वेक्षण कराए जाने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई होनी है. ये अर्जी राखी सिंह की ओर से दाखिल की गई है. आज दोपहर करीब 12 बजे इस पर सुनवाई होगी. हाईकोर्ट में वाराणसी की जिला अदालत के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की गई है. याचिका में वाराणसी के जिला जज द्वारा वजूखाने के हिस्से में भी,स्ढ्ढ से सर्वेक्षण कराए जाने की मांग ठुकराए जाने के आदेश को चुनौती दी गई है. जिला जज के 21 अक्तूबर 2023 के आदेश को चुनौती दी गई है.

**इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज सुनवाई**–हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर जस्टिस मनीष कुमार निगम की सिंगल बेंच में सुनवाई होगी, जिला जज ने वजूखाने के सर्वे को लेकर हिंदू पक्ष की अर्जी को खारिज कर दिया था. जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने अपने आदेश में कहा था, कि सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई 2022 के अपने आदेश के जरिए

## नोएडा से लखनऊ तक बढ़ी कंपकंपी, मेरठ में सीजन का सबसे ठंडा दिन, 1.5 डिग्री तक गिरा

उत्तर प्रदेश में इन दिनों जबरदस्त ठंड पड़ रही है. प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है तो वहीं मेरठ में पिछले 24 घंटों में सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा. यहां का न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 1.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. लखनऊ से लेकर नोएडा गाजियाबाद तक सर्दी से बुरा हाल है. मंगलवार देर रात पश्चिमी यूपी के कुछ इलाकों हल्की बारिश की फुहार भी देखने को मिली, जिसकी वजह से ठंड और भी ज्यादा बढ़ गई है. मौसम विभाग ने आज कई जगहों पर गंभीर शीत दिवस और पाला पड़ने का रेड अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के मुताबिक़ आज 24 जनवरी को भी प्रदेश के ज़्यादातर इलाक़ों में मौसम शुष्क ही रहने का अनुमान जताया गया है. इसके साथ ही पश्चिमी यूपी के कुछ स्थानों पर और पूर्वी यूपी के ज़्यादातर इलाक़ों में घने से भी बहुत अधिक घना कोहरा छाए रहने की आशंका जताई गई है. राज्य में कई जगहों पर शीत दिवस से लेकर गंभीर शीत दिवस होने का रेड अलर्ट जारी किया गया है. आज राज्य में एक या दो स्थानों पर शीतलहर और पूर्वी यूपी की कुछ जगहों पर पाला पड़ने का अलर्ट जारी किया गया है. यूपी में इस हफ़्ते भी ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं. 27 जनवरी तक राज्य



में इसी तरह के हालात रहने की संभावना जताई गई है. अगले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा, इसके बाद 2-3 डिग्री सेल्सियस पारा बढ़ सकता है.

**शीत दिवस और कोहरे का रेड अलर्ट**–उत्तर प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, मथुरा, हाथरस, आगरा, फ़िरोज़ाबाद, मैनपुरी, इटावा, एटा, औरैया, कन्नौज, हरदोई, सीतापुर, फ़र्रुख़ाबाद, कांशीराम नगर, अलगीढ़ में घने से अधिक घने कोहरे, शीतलहर और कोल्ड डे का रेड अलर्ट जारी किया गया है. इसके अलावा कौशांबी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, जौनपुर, वाराणसी, चंदौली, ग़ाज़ीपुर, बलिया, मऊ, आज़मगढ़, अंबेडकर नगर, गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, मऊ, ग़ाज़ीपुर और चंदौली में कोहरे और कुछ जगहों पर शीत दिवस का अलर्ट है.

**इन जगहों पर लोगों की छूटी कंपकंपी**–यूपी के सहारनपुर, मुज़फ़्फ़रनगर, मेरठ, ग़ाज़ियाबाद, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बदायूँ, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच. बाराबंकी, रायबरेली, लखनऊ, उन्नाव, फ़तेहपुर, बाँदा, हमीरपुर, कानपुरस जालौन, झांसी, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा, अयोध्या, सुल्तानपुर, बस्ती और अमेठी में कोहरे और कोल्ड डे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.

### गणतंत्र दिवस पर यूपी की झांकी में दिखेंगे रामलला, अवधपुरी का उत्सव आएगा नजर

भारत 26 जनवरी को 75वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है. हर साल देश के राज्यों की झांकियां कर्तव्य पथ पर देखने को मिलती हैं. गणतंत्र दिवस की परेड का अलग ही नजारा होता है. थल सेना, नौसेना और वायु सेना की टुकड़ियां कर्तव्यपथ पर मार्च करने के लिए तैयार हैं. 75वां गणतंत्र दिवस परेड विकसित भारत, नारी शक्ति और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित होगा. गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार तीनों सेनाओं की महिला टुकड़ी भी दमखम दिखाने को तैयार है. 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी राममय नजर आएगी.



**26 जनवरी की परेड में यूपी की झांकी होगी आकर्षण का केंद्र**–इस साल गणतंत्र दिवस परेड की झांकियों में अयोध्या की विरासत देखने को मिलेगी. रामलला को दर्शानेवाली मूर्तियां झांकियों के आकर्षण का केंद्र होंगी. उत्तर प्रदेश की झांकी में कर्तव्य पथ पर भगवान राम के बाल स्वरूप का दर्शन हो सकेगा. बता दें कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन हो गया है. रामलला शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच गर्भगृह में विराजमान हुए. राम मंदिर उद्घाटन के बाद भक्तों का उत्साह चरम पर है.

**कर्तव्य पथ पर भगवान राम के बाल स्वरूप का होगा दर्शन** –भगवान राम का दर्शन करने के लिए अयोध्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है. इस बार गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होनेवालों को यूपी की विशेष झांकी देखने को मिलेगी. गणतंत्र दिवस की परेड में रामलला की मूर्ति को दर्शाने वाली झांकी प्रदर्शित की जाएगी. यूपी की झांकी में कलश के साथ दो साधुओं को दिखाया जाएगा. गणतंत्र दिवस की परेड का लोगों में गजब उत्साह होता है. इस बार यूपी की झांकी में रामलला आकर्षण का केंद्र होंगे. राम मंदिर में रामलला की मूर्ति के ठीक पीछे ट्रेलर पर दो साधुओं को दिखाया जाएगा.

# दतिया मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन प्रस्तुति और नृत्य किया





**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर जिले भर में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मुनेन्द्र शेजवार के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया गया। इसी क्रम में राजघाट बुंदेलखंड संस्कृत संस्कृति प्रसार सेवा समिति नवांकुर संस्था व नगर विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में शारदा पब्लिक स्कूल में सामूहिक सुन्दरकाण्ड व संकीर्तन का आयोजन किया गया।आयोजित कार्यक्रम में शास्त्री जी पतंजलि योग, स्वदेश नवांकुर संस्था के संचालक रामजीशरण राय, जनसेवा मित्र कौशल पाठक, मेन्टर यूथ क्लब से अशोककुमार शाक्य, बलवीर पाँचाल, सुबोध शर्मा, ओमी यादव, बल्लू गुप्ता एवम् गणमान्य नागरिक आदि सम्मिलित रहे। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भजनों की प्रस्तुति पर सामूहिक नृत्य किया।इस अवसर पर राजघाट बुंदेलखंड नवांकुर संस्था के सचिव देवेंद्र सिंह कुशवाह ने उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों व स्कूल के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी को भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं गई। उक्त जानकारी ने दी

# शेठ एम.एन हाईस्कूल, पाटन में रंगोली, ड्राइंग प्रतियोगिता एवं एक छोड़ रामके नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया

**श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर शेठ एम.एन हाईस्कूल राममय हो गया,पर्यावरण प्रेमी एवं प्रयास फाउंडेशन के पारस भाई पटेल ने शुरू किया पौधारोपण**

**ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पाटन/गुजरात।** जब रामलला 500 साल बाद अवध लौट रहे हैं, तो नव निर्मित भगवान श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर, शेठ एम एन हाईस्कूल पाटन में भगवान श्री राम के जीवन विषय पर आधारित रंगोली और ड्राइंग प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्तर गुजरात युवा मंडल द्वारा संचालित। विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं विद्यालय परिवार इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बन सकें और श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर एकउत्साह का



निर्माण कर सकें, इस उद्देश्य से रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और भगवान राम के प्रति अपनी महान भावनाओं और प्रशंसा को व्यक्त किया... छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोलियों और चित्रों को देखकर अतिथि और शिक्षक बहुत भावुक हुए। इसके बाद ÷एक छोड़ राम के नाम÷ कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। सतत पर्यावरण चिंतक एवं पर्यावरण प्रेमी श्री पारसभाई पटेल एवं प्रसाद फाउंडेशन द्वारा पाटन जिले में ÷एक छोड़े राम के नाम÷ वृक्षारोपण की शुरुआत की गई। अतिथि के रूप में पहुंचे पारस भाई पटेल एवं रोहित भाई पटेल ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। वृक्ष प्रेमी पारस भाई, रोहित भाई, विद्यालय प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार द्वारा विभिन्न पौधे लगाये गये। विद्यालय के प्राचार्य श्री धनराजभाई ठक्कर के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त स्टाफ मित्रों के प्रयास से कार्यक्रम



सफल हुआ। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती डॉ.गीताबेन परमार, आरतीबेन, आराधनाबेन द्वारा किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता का पूर्ण संयोजन एवं आयोजन राहुल भाई पटेल द्वारा किया गया।

# यूकेजी में छात्र सभ्रांत ने जीता गोल्ड मेडल



सीहोर। 6वें ज़िला स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप टूर्नामेंट में छात्र सभ्रांत सक्सेना ने 21-25 वर्ग द्वन्द्व में गोल्ड मेडल (प्रथम स्थान) प्राप्त किया है। इस अवसर पर लगभग 150 प्रतिभागियों ने टूर्नामेंट में भाग लिया।मास्टर ट्रेनर लखन ठाकुर ने सभ्रांत को इस उपलब्धि पर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।सभ्रांत के पिता यथार्थ सक्सेना और माता कोंपल सक्सेना ने बताया किउनका बेटा कम उम्र से ही विलक्षण है। वह एकलव्य किंडर गार्टन (अमरकण्टक) में कक्षा यूकेजी का छात्र है। उसके पिता केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रशासनिक विभाग अमरकण्टक में पदस्थ हैं।संभ्रांत 5 वर्ष की उम्र से ही मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ले रहा है।







## करैरा राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू भैया जी का प्रदेश अध्यक्ष बालगोविंद शिवहरे जी द्वारा हुआ जोरदार स्वागत साथ में रहे सभी पदाधिकारी

**संदीप उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

हम आपको बता दें कि जब राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू भैया झांसी से रवना हुए तो लगातार प्रदेश अध्यक्ष बालगोविंद शिवहरे जी द्वारा दिनारा में भी जोरदार स्वागत हुआ और फिर करेरा स्वागत रहा और फिर किय बगीचा सरकार दर्शन पदाधिकारी भी रहे राष्ट्रीय महामंत्री नवीन चंद्र शुक्ला जी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मैथिलीशरण जी और राष्ट्रीय प्रभारी लक्ष्मी नारायण शिवहरे जी

# दबोह में आज सजेगा बाबा श्याम का दिव्य दरबार,गल्ला मंडी परिसर में मचेगी धूम

**श्री श्याम परिवार दबोह ने की लोगो अधिक से अधिक सँख्या में पधारने की अपील**

**अर्पित उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह।** हर बर्ष की तरह इस बर्ष भी नगर के बाबा श्याम प्रेमियों के द्वारा दबोह गल्ला मंडी प्रांगण में आज 25 जनवरी दिन गुरुवार की शाम 05 बजे से बाबा श्याम का दिव्य दरबार सजाया जा रहा है।जहाँ बाबा के नाम का भण्डारा एवं भजन संध्या भी आयोजित की गई है।कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा श्याम की रथ यात्रा के साथ किया जाएगा।जिसमे बाबा श्याम के चिन्ह(ध्वज)को लेकर सभी श्याम प्रेमी ढोल धमाकों की गूंज के साथ प्रातः10 बजे नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे।इस दौरान नगर के धर्म प्रेमी बन्धु जगह-जगह पुष्प बर्षा कर रथ में विराजमान बाबा श्याम का स्वागत सत्कार



करेंगे।ततपश्चात इस यात्रा को सम्पूर्ण नगर के भ्रमण के बाद पुनः गल्ला मंडी प्रांगण में ले जा कर समापन की ओर ले जाया जाएगा।शाम 05 बजे से प्रारंभ होगी बाबा की भजन संध्या और भण्डाराबाबा की रथ यात्रा के बाद शाम 5 बजे से गल्ला मंडी प्रांगण में बाबा श्याम का दरबार लगा कर भजन संध्या को प्रारंभ किया जाएगा जिसमे भजन गायक रजनी शर्मा,ॠषिका ठाकुर,कान्हा व्यास एवं योगेश महाराज अपनी मधुर वाणी के द्वारा बाबा के सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दे कर श्याम प्रेमियों के मन को लुभा कर कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को श्याम बाबा की भक्ति में मंत्रमुग्ध करने का काम करेंगे।वही कार्यक्रम में उपस्थित श्री श्याम परिवार दबोह के सदस्य भण्डारा प्रसादी विरतण करेंगे।

# सूरत वडेर में 1008 दीपोत्सव की हुई महाआरती

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



**सूरत ।** सीरवी समाज वडेर में महा आरती का आयोजन हुआ जिसमें 1008 दीपोत्सव की महा आरती हुई। उसमें समाज बंधुओ एवं माताओं बहनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सूरत वडेर के सचिव भंवर लाल भायल ने सभी का हार्दिक स्वागत और इस ऐतिहासिक दिन के उपलक्ष में सभी को राममय होने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष हेमाराम पवार ने सबको राम-राम कहा और हमेशा अपने घर में भी राम के नाम की आरती करने का आग्रह किया। सह- सचिव संजय राठौड़ ने बताया कि यह आयोजन समाज की समस्त कार्यकारिणी सदस्यों का और समाज बंधुओ का विशेष आग्रह था की माताजी के दरबार में भी इस ऐतिहासिक दिन के उपलक्ष में भव्य आयोजन महाआरती और प्रसाद का हो इसके लिए सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया और यह भव्य महा आरती संपन्न हुई।

# ऊमरी पुलिस ने अपहरण आरोपी को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अरुण कुमार उईके के मार्गदर्शन में महिला अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।दिनांक 02/01/2024 को फरियादी ने रिपोर्ट की कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति उसे बहला फुसलाकर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अपहृता की दस्तयाबी तथा आरोपीगणों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। दिनांक 04/01/2024 को अपहृत बालिका को दस्तयाब किया गया। जिसने पूछताछ पर बताया कि आरोपी अपनी मोटर सायकिल से जबरदस्ती अपहृत कर ले गया था जिसने मुझे घर में बंद कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया । आज दिनांक 24/01/2024 को मुखबिर की सूचना पर आरोपी धर्म सिंह पुत्र मान सिंह जाटव उम्र 24 साल निवासी सुल्तानपुरा जागीर थाना रामपुरा जिला जालौन (उ.प्र.) को अप.क्र. 04/2024 धारा- 363, 366, 376, 342,506 भादवि, 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटर सायकिल को जप्त की गई। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उपनिरीक्षक मलखान सिंह परिहार, आरक्षक भानु प्रताप सिंह,आलेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

## श्रीखंडी में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव।



गांव के ही श्री नरेंद्र पिता श्रीराम दुधे जी के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था और गांव के ही श्री सुरेश मंसाराम जी राठौर की ओर से मंदिर के गुंबज पर पांच फिट तीस किलोग्राम का कलश चढ़ाया गया और गांव के श्री गोविन्द चांदके ज़ी के द्वारा उनकी माताजी स्वर्गीय श्रीमती रामप्यारी बाई पति शोभाराम जी चांदके कि स्मृति में मंदिर में भगवान जी की आरती करने के लिए इलेक्ट्रिक ऑटोमेटिक आरती की मशीन सप्रेम भेंट की गई ।साथ ही इस भक्तिमय अवसर पर मंदिर समिति के विशेष रामभक्त श्रीं भाईराम महाजन जी व श्री देवदास गुर्जर जी को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पधारे विशेष अतिथि खरगोन बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री गजेंद्र पटेल जी वह भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री केदार चिड़ा भाई डावरजी व भूत पूर्व सांसद श्री सुभाष पटेल जी ने शाल श्रीफल और राम परिवार का छायचित्र भेंट कर सम्मानित कर समस्त ग्रामवासीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई । यह सम्पूर्ण आयोजन पंडित श्री चन्द्रशेखर ज़ी ,व पंडित श्री सचिन शर्मा ज़ी के सानिध्य में विधि विधान से संपन्न किया गया है ।

# आकांक्षी ब्लाक में योजनाओं के क्रियान्वयन की कलेक्टर ने की समीक्षा

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा बुनियादी सुविधाओं के विकास के मामले में राष्ट्रीय मानकों से कम स्तर वाले ब्लाकों को आकांक्षी ब्लाक के रूप में शामिल किया गया है। मध्यप्रदेश के 42 ब्लाक को आकांक्षी ब्लाक योजना में शामिल किया गया है। खरगोन जिले के दो ब्लाक झिरन्या एवं भगवानपुरा को आकांक्षी ब्लाक योजना में शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने आज 24 जनवरी को अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी ब्लाक में चल रहे कार्यों एवं उनके संकेतकों की समीक्षा की।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पुरूषोत्तम पाटीदार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सिसोदिया, सहायक आयुक्त



जनजातीय कार्यविभाग श्री प्रशांत आर्य, उप संचालक कृषि श्री एम.एल. चौहान, महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री मोनिका बघेल, भगवानपुरा एवं झिरन्या के खंड चिकित्सा अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, इन विकासखंड के बीआरसी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने के साथ ही उसकी पोर्टल पर आनलाईन एंट्री करें। जिससे नीति आयोग की वेवसाईट पर जिले के दोनों आकांक्षी ब्लाकों की सही स्थिति प्रदर्शित हो सके। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग गर्भवती माताओं के पंजीयन, सुरक्षित प्रसव, 2.5 किलोग्राम से कम वजन के बच्चों के प्रतिशत पर विशेष ध्यान दें। गर्भवती माताओं एवं संस्थागत प्रसव का लक्ष्य कम से कम 80 प्रतिशत करने के लक्ष्य को लेकर काम करने कहा गया। इसी प्रकार 2.5 किलोग्राम से कम वजन के बच्चों का प्रतिशत 10 से कम करने का लक्ष्य

# 26 जनवरी को कलेक्टर श्री शर्मा करेंगें ध्वजारोहण मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगें



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि**

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को खरगोन जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह डीआरपी लाईन में आयोजित किया जायेगा। इसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा और परेड की सलामी ली जायेगी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया जाएगा। मुख्य समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें और विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित झांकियां निकाली जायेंगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

# आईजी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता सीजन-11 एसीएल कप का हुआ आयोजन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**




पुणे । सिरवी स्पोर्ट्स असोसेसियान पुणे द्वारा आयोजित आईजी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता सीजन -11 एसीएल. का शुभारम्भ दिनांक 02 जनवरी 2024 को किया गया। ये प्रतियोगिता पिछले 10 वर्षो से निरंतर आयोजित की जा रही है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ बड़े धूम धाम से किया गया । इस वर्ष प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने भाग लिया। ये प्रतियोगिता दिनांक 2 जनवरी से 21 जनवरी 2024 के बीच खेली गई। इस प्रतियोगिता में कुल 270 खिलाड़ियों ने भाग लिया।लीग और नॉक आउट व फाइनल सहित 70 मैच खेले गए। इस प्रतियोगिता में 3 नये रिकार्ड स्थापित हुए है। ऑरेंसिया स्टार्स के गेंदबाज देव सिरवी ने लगातार 4 गेंदों में 4 विकेट लेकर रिकार्ड बनाया वही स्टार क्लब बाणेर के वरुण हरीश काग ने एक ही ओवर की 6 गेंदों में 6 छक्के लगाकर ये रिकार्ड अपने नाम किया वही सिँहगड़ वॉरियर्स के बल्लेबाज चेतन सिरवी ने मात्र 32 गेंदों में 103 रन बनाकर सबसे तेज शतक का रिकार्ड अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में हमारे मुख्य अतिथि चंदाराम भायल अध्यक्ष कासरवाड़ी वडेर, हेमराज सिरवी गादाणा, मोहनलाल अगलेचा अध्यक्ष प्राधिकरण वडेर, दिनेश सिरवी अध्यक्ष अखिल भारतीय सिरवी समाज महाराष्ट्र प्रांत, राजेश गेहलोत अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा सिरवी समाज महाराष्ट्र प्रांत, रामलाल काग महासचिव अखिल सिरवी समाज महाराष्ट्र प्रांत, मोहनलाल काग सचिव अखिल भारतीय युवा सिरवी समाज महाराष्ट्र प्रांत, तेजाराम सिरवी पूर्व अध्यक्ष प्राधिकरण वडेर, जगाराम सोलंकी, पोमाराम परिहारिया, रामलाल सोलंकी रामलाल लचेटा ( लक्ष्मी ट्रेडर्स पिम्परी ) पुखराज लचेटा सहकोषाध्यक्ष कासरवाड़ी वडेर पुणे, उमेश गेहलोत सचिव कासरवाड़ी वडेर, रमेश लचेटा (सूर्या इलेक्ट्रॉनिक ) संजय पार्क वडेर के पदाधिकारी, भोजापुर वडेर के पदाधिकारी ,कोथरुड़ वडेर के पदाधिकारी और मशहूर कॉमेंटेटर मोहन झाला, पकिया भाई सिरवी समाज मुंबई के खेलमंत्री इत्यादि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता का मेगा फाइनल मैच टीम सिरवी टाइगर कालेवाड़ी और डी एस के धानोरी के बिच खेला गया जिसमें डी एस के धानोरी के कप्तान दिनेश मुळेवा के कप्तानी में टीम ने बहुत शानदार मैच खेलकर जीत हासिल की। एसीएल 11 का चैंपियन खिताब अपने नाम किया। वही सिरवी टाइगर कालेवाड़ी टीम के कप्तान प्रकाश बी काग के कप्तानी में टीम बहुत अच्छा खेली उपविजेता रही। इस वर्ष एसीएल टूर्नामेंट में पहली बार सिरवी समाज पुणे की महिलाओं का भी क्रिकेट मैच रखा गया था जिसमें एक टीम निगड़ी वडेर एवं दूसरी टीम कासरवाड़ी वडेर से आई थी इन दोनों टीमों के बिच मैच खेला गया था जिसमें निगड़ी वडेर महिला टीम विजेता रही। उनको रमेश लचेटा, सुर्या इलेक्ट्रिकल व बिबवेवाड़ी वडेर महिला मंडल अध्यक्ष संगीता बहन सिन्दरा ने विजेता महिला टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए ए सी एल कमिटी की दिन रात की मेहनत रही है।

**अम्बाह के ईमानदार युवक का मेला पुलिस ने किया सम्मान**

# ज़िंदगी के ज़रूरी काग़ज़ात वापस पाकर व्यापारी हुआ खुश - दिया नगद ईनाम



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल के निर्देशन में मेला में एसडीओपी बेहट संतोष पटेल को मेला सुरक्षा व्यवस्था की ज़िम्मेदारी दी गई है।ग्वालियर में चल रहे आलीशान मेले मैं बैग गुमने की सूचना मेला थाने मैं सूचना प्राप्त हुई थी उक्त काले रंग का बैग जिस मैं बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुऐ थे उक्त बैग आगरा निवासी मनीष जैन का था जिसे एक लड़का जिसका नाम छोटू तोमर निवासी अंबाह जिला मुरैना को उक्त बैग मेले मैं मिलने पर मेला थाने में लगे अधिकारी कर्मचारी के पास जमा कराया बैग मालिक मनीष जैन की तलाश कर बैग उन को सुपुर्द किया बैग मालिक को बैग मिल जाने पर काफी प्रसन्न हुआ तथा बैग लाकर जमा करने वाले छोटू तोमर की ईमानदारी को



देखते हुए पुलिस ने उसका सम्मान किया।मेला पुलिस कंट्रोल रूम में निरीक्षक रमेश कुमार सिंह, निरीक्षक राजेंद्र परमार व सूबेदार राघवेंद्र जादोन पुलिस के साथ दिन भर भ्रमण करते हैं।

# बड़ी घटना रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलवा पैकान में पुलिस वालों के परिवार पर ही जानलेवा हमला

## मामूली विवाद पर परिवार ने किया बुज़ुर्ग महिला पर घातक हमला

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** रायपुर कर्चुलियान थाना अंतर्गत मनोज मिश्रा बबली मिश्रा रानी मिश्रा नीलम मिश्रा एवं उनके परिवार जनों ने 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला गीता मिश्रा के भयंकर मारपीट की है ज्ञात हो गीता मिश्रा अपने घर में अकेले रहती हैं उनके पति राजमणि मिश्रा सिंगरौली एसपी ऑफिस में प्रधान आरक्षक



के पद पर पदस्थ है जब पड़ोसियों को लगा कि यह लोग इन्हें जान से मार सकते हैं तब उन्हें में से एक लड़का सौरभ मिश्रा उर्फ लल्ली ने आगे बढ़कर बीच बचाव करते हुए सबको अलग किया गनीमत की बात यह रही की चोटिला अवस्था में घायल बुजुर्ग महिला वहीं पड़ी रह गई और आरोपी खुद ही थाने पहुंचकर रिपोर्ट लिखा है एक बच्चे के सर पर खुद ही पत्थर मारकर उसे चोटिल कर दिया हाला की पुलिस ने दोनों तरफ से मामला दर्ज करके मामले को विवेचना में ले लिया है एवं उचित कार्यवाही का श्वसन भी दिया है थाना प्रभारी श्री प्रकाश चंद्र पटेल से बात करने पर बताया गया की जो मेडिकल रिपोर्ट आएगी उसके हिसाब से आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## 1100 दीपक जलाकर भक्तों ने पुनः दीवाली याद की आतिशबाजी के साथ मिठाई खिलाकर मनाई खुशियां

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर राम मंदिर प्रतिष्ठा के पूर्व स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत सन्त श्री नरसिंहदास सिध्द आश्रम कुटी ,पनवार में अपने मंदिर पुजारी जनों के साथ श्रमदान किया

**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
फिर रामोत्सव कार्यक्रम रखा गया ,कुटी आश्रम में जिसके संयोजक आचार्य रामसुशील मिश्र थे,सदियों का अभूतपूर्व धैर्य ,अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम अयोध्या के बाद सम्पूर्ण भारत राम मय हो गया ।यह जानकारी आचार्य श्री ने दी और कहा 496 वर्षों के इंतजार के बाद आज श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा एवं भव्य लोकार्पण पर दोपहर को कुटी आश्रम से राम जी की झांकी हजारों श्रद्धालुओं के नगर भृमण किया गया ,फिर प्रसाद वितरण सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ । मंदिर के प्रधानपुजारी रविचन्द्रदास जी ने बताया कि सायंकाल परमहंस सन्त नरसिंहदास जी के समाधि से लेकर सम्पूर्ण मंदिर परिसर और रामदरबार के साथ 6 दरबारों को फूल और दीपो से सजाया गया जिसमें 12/30 दोपहर में आरती की गयी ।1100 दीपक जलाकर भक्तों ने पुनः दीवाली याद की आतिशबाजी के साथ मिठाई खिलाकर खुशियां मनाते हुए.समस्त भक्तों को शुभकामनाएं दिया । पुजारी जी ने कहा 80 वर्षो



के बाद जबसे आचार्य रामसुशील मिश्र आश्रम के अध्यक्ष पद पर 30 जनवरी से आये तब से आश्रम का विकास और प्रचार प्रसार सम्पूर्ण भारत विदेश तक भक्त जनने लगे हैं ,सबसे खुशखबरी हैं कि इस वर्ष 2024 से सन्त श्री नरसिंहदास सिद्ध आश्रम कुटी के नाम से माघ मेला प्रयागराज में आचार्य श्री के अथक प्रयास से भूमि भी मिल गयी हैं ।और टेंट पूर्ण मूलभूत सुविधा भी हो गयी है जो भी भक्त कल्पवास करना चाहता है ,वह आश्रम य्य आचार्य श्री से संपर्क करके 1 महीने निःशुल्क पूजन साधना कर सकता हैं ,उनको इस दुर्लभ की सभी ने बधाई दी है सभी में खुशी का मौहल हैं ,और आज तक आश्रम रजिस्टार्ड नही था ओ भी कार्य आचार्य रामसुशील मिश्र ने अपने 1 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने से पूर्व कर दिया । 30 जनवरी को 1 वर्ष हो जायेगे आचार्य रामसुशील मिश्र को दायित्व के साथ और आपका जन्मदिन 30 जनवरी को हैं अंकपत्र के अनुसार हम सभी आश्रम के भक्त दीपोत्सव और सुन्दरकाण्ड पाठ करके भगवान से प्रार्थना करेंगे कि दीर्घायु स्वस्थ्य और समर्पण के साथ कार्य करते रहे ।सभी भक्तों के सहयोग से दीपोत्सव प्रसाद का कार्य सम्पन्न किया गया हैं । जिसमे प्रमुख श्री लुल्ली सेठ प?रहा, अजीत सिंह, आचार्य रामसुशील मिश्र और भी भक्तों का श्रमदान रहा ।उपस्थित विद्यासागर ,राजकुमार, बालेन्द्र तिवारी, सुमित, पूजरी, दिलीप ,निखिल, उमेश,माया, उषा, रामकृपाल, सदस्य, पार्षद गण, सरपंच, आदि रहे । सभी ने जय श्री राम की घोष करते रहे सभी मंदिरों की झांकी नरसिंहदास आश्रम आकर विश्राम किया

# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह आयोजित होगा एसएएफ ग्राउंड में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल प्रातः 9 बजे करेंगे ध्वजारोहण

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को एसएएफ परेड ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल प्रात- 8.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर आयेंगे। वे प्रात- 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। उसके पश्चात राष्ट्रगान होगा और मुख्य अतिथि को सलामी दी जायेगी। मुख्य अतिथि पूर्वान्ह 9.02 बजे से 9.08 बजे तक परेड का निरीक्षण करेंगे। उसके बाद पूर्वान्ह 9.08 बजे से 9.38 बजे तक मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन करेंगे। तदुपरांव पूर्वान्ह 9.38 बजे से 9.41 बजे तक हर्ष फायर एवं राष्टपति जी की जय के नारे लगाये जायेंगे। उसके पश्चात 9.41 बजे से 9.51 बजे तक परेड द्वारा मार्च पास्ट आयोजित की जायेगी। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल पूर्वान्ह 9.51 बजे से 9.53 बजे तक समृद्धि के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़ेंगे तथा 9.53 बजे से 9.55 बजे तक परेड कमाण्डर एवं प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंगे। उसके पश्चात 9.55 बजे से 10.15 बजे तक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीद एवं लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिजनों से भेंटकर सम्मानित करेंगे। इस दौरान पूर्वान्ह 10.15 बजे से 10.45 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उसके पश्चात 10.45 बजे से 11.30 बजे तक मध्यप्रदेश गान एवं चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यक्रम में पूर्वान्ह 11.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक मुख्य अतिथि पुरस्कार वितरित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से 12.10 बजे तक आभार प्रदर्शन किया जायेगा।

# संभागीय बैठक के निर्देशों पर तत्परता से कार्यवाही करने के प्रभारी कमिश्नर ने दिए निर्देश



रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी कमिश्नर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संभागीय बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। प्रभारी कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित संभागीय बैठक में दिए गए निर्देशों पर तत्परता से कार्यवाही करें। बैठक में सांसदगणों तथा विधायकगणों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर भी कार्यवाही कर दो दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। संभागीय बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। सभी कलेक्टर संभागीय बैठक में अपने जिले से जुड़े हुए बिंदुओं पर की गई कार्यवाही की नियमित समीक्षा करके पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। ैठक में प्रभारी कमिश्नर ने कहा कि सीधी के सोन घड़ियाल अभ्यारण्य को डिनोटिफाई करने का सुझाव दिया गया था। वन मण्डलाधिकारी सीधी इस संबंध में शासन को पूरी जानकारी सहित प्रस्ताव प्रेषित करें। बगदरा में विद्युत सब स्टेशन निर्माण तथा वन क्षेत्र से 16 किलोमीटर बिजली की लाइन बनाने के लिए प्रस्ताव वन विभाग को भेजा गया है। इसमें समय सीमा में निर्माण कार्यों की अनुमति प्रदान कराएं। बैठक में सतना-चित्रकूट मार्ग में बगदरा घाटी में प्रस्तावित गौ अभ्यारण्य के संबंध में वन मण्डलाधिकारी सतना ने बताया कि अभ्यारण्य का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इसमें निर्माण एजेंसी वन विभाग रहेगा। प्रभारी कमिश्नर ने कहा कि बैठक में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण का मुद्दा उठाया गया था। आपूर्ति अधिकारी खाद्यान्न का समय पर उठाव और वितरण सुनिश्चित कराएं। सभी कलेक्टर खाद्यान्न वितरण की नियमित समीक्षा करें।बैठक में प्रभारी कमिश्नर ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी मैहर कलेक्ट्रेट भवन तथा मऊगंज कलेक्ट्रेट भवन के लिए संबंधित कलेक्टरों से संपर्क कर स्थान तय करें एवं पुनर्घनत्वीकरण योजना से इनके निर्माण के प्रस्ताव प्रस्तुत करें। अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग गोविंदगढ़ से हनुमना मार्ग के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करें। बैठक में सतना बाणसागर समूह नलजल योजना में लक्ष्य के विरूद्ध बहुत कम नल कनेक्शन की बात जनप्रतिनिधियों द्वारा कही गई थी। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कनेक्शन कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। संभाग की सभी प्रस्तावित समूह नलजल योजनाओं में आवश्यक स्थलों में वन विभाग की अनुमति के प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करें। कलेक्टर सतना टमस परियोजना की डिनोटिफाई होने वाली जमीन के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। प्रभारी कमिश्नर ने कहा कि सभी संभागीय अधिकारी समीक्षा बैठक में अपने विभाग से जुड़े बिन्दुओं को नोट कर उनके संबंध में समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में वन मण्डलाधिकारी रीवा अनुपम शर्मा, वन मण्डलाधिकारी सीधी, अधीक्षण यंत्री नगर निगम शैलेन्द्र शुक्ला तथा सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बालिका दिवस पर कलेक्टर मऊगंज ने फातिमा को साइकिल का दिया उपहार



**रीवा(पुष्पांजली टुडे)** ।बालिका दिवस के अवसर कलेक्टर मऊगंज श्री अजय श्रीवास्तव ने मुर्चो अटारी भाटी सेंटर निवासी फातिमा खान को अपनी तरफ से उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की। कलेक्टर ने कहा कि शासन बालिका समृद्धि के लिये कृत संकल्पित है। छात्रा फातिमा की साइकिल कालेज से गत दिनों चोरी हो गई थी और उसे अपने गांव से पड़ने आने में दिक्कत का सामना करना पड़ता था। कलेक्टर को यह बात फातिमा ने गत दिनों बताई थी। आज बालिका दिवस पर कलेक्टर ने अपनी तरफ से फातिमा को उपहार स्वरूप साइकिल भेंट की।

# गणतंत्र दिवस की अंतिम रिहर्सल संपन्न



**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** गणतंत्र दिवस समारोह एसएएफ मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें बच्चों के शारीरिक व्यायाम, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न विभागों की झांकियाँ शामिल होंगी। गणतंत्र दिवस समारोह की परेड तथा अन्य कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल एसएएफ मैदान में संपन्न हुई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा अन्य संबंधित अधिकारी व बच्चे उपस्थित रहे।



## रीवा एनएसयूआई ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में किया प्रदर्शन

# अगर एक सप्ताह में परीक्षा परिणाम सुधारा नहीं गया तो एनएसयूआई के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी के अंदर आने वाली सभी महाविद्यालयों के छात्रों के साथ करेंगे प्रदर्शन : पंकज उपाध्याय





**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
जिले में एनएसयूआई ने विगत दिनों फास्टियर के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे विश्वविद्यालय से संबंधित सभी महाविद्यालयो के ज्यादा छात्रों ने असंतोष व्यक्त किया है,जारी प्रेस विज्ञप्ति में पंकज उपाध्याय ने बताया की विगत 20 से 25 दिन पहले छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे ज्यादा से ज्यादा छात्रों को विथेल्ड प्रोमोटेड या फेल कर दिया गया है केवल एक ही विषय पर जिसमे छात्रों ने काफी असंतोष जताया है जिसको लेकर कई बार ये छात्र जा कर ज्ञापन दे चुके इसके बाद भी इस पर ध्यान नही दिया जा रहा और पास करवाने के लिए शिक्षको द्वारा पैसे की मांग की जा रही है आज एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय में ताला बंदी की जिसमें छात्रों ने बताया की कुछ छात्रों से शिक्षको द्वारा पैसे की मांग की गई जिसमे छात्र परीक्षा परिणाम सुधारनवाने के लिए पैसे दिए भी 3000 से 4000 हजार रू की माग की गई जो की पूर्णतःगलत है और एक बात जब नई शिक्षा नीति में नियम है की अगर छात्र पासिंग मार्क से कम नंबर पता है तो उसमे शून्य दिखाता है लेकिन परीक्षा परिणाम में अंक भी दिखा रहा है जो संभव ही नहीं है और प्राचार्य द्वारा कहा जाता है की अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा गड़बड़ी की गई है हम कुछ भी नही कर सकते जब छात्र विश्वविद्यालय पहुंचे तो वहा कहा गया की महाविद्यालय से रिजल्ट भेजा ही नहीं गया है बताना चाहता हु की महाविद्यालय वाले विश्वविद्यालय की और विश्वविद्यालय वाले महाविद्यालय की गलती बता रहे है छात्र आखिर करे क्या इसको को लेकर आज एनएसयूआई ने धरना देकर विश्वविद्यालय में ताला बंदी की और और छात्र हित में माग रखी कुल सचिव महोदय ने एक सप्ताह का अस्वशन दिया है अगर एक सप्ताह में परीक्षा परिणाम सुधारा नही गया तो हम बड़ा आंदोलन भी करेंगे, एनएसयूआई छात्र हित में न कभी डरा है न डरेगा जो जो शिक्षक छात्रों से जबरदस्ती पैसा वसूल कर उनको पास करवाने का काम कर रहे हैं उनके खिलाफ हम जल्द ही कलेक्ट्रेट जाकर कलेक्टर मैडम से भी मुलाकात करेंगे क्योंकि यह जो छात्र सरकारी महाविद्यालय में पढ़ रहे हैं सब सामान्य परिवार से आते है सभी फीस दे रखी है तो अगल से पैसे क्यों दे,धरना प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय,अमरपाटन विधानसभा अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह, महासचिव गौरव पांडे,उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, ईकाई अध्यक्ष अश्वनी सिंह , संगठन मंत्री शिवम मिश्रा,,सोशल रीवा के विधानसभा अध्यक्ष अनुराग सिंह, आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहे,

**पंकज उपाध्याय**
**जिला अध्यक्ष**
**एनएसयूआई रीवा**

## कलेक्टर ने रीवा एयरपोर्ट में चल रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा

# एयरपोर्ट से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू करने के दिए निर्देश





**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा एयरपोर्ट के विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एयरपोर्ट से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू कराएं। एसडीएम हुजूर आज ही जमीन का सीमांकन करके निर्माण एजेंसी को जमीन उपलब्ध करा दें। सड़क निर्माण के संबंध में यदि कोई किसान आपत्ति दर्ज कराता है तो उसका समुचित समाधान किया जाएगा। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। मुख्य मार्ग से एयरपोर्ट को जोड़ने वाली सड़क का कुछ भाग सतना जिले में है। इसके भी भू अर्जन की कार्यवाही पूरी हो गई है। सतना के अधिकारियों से समन्वय बनाकर सड़क का निर्माण तत्काल शुरू कराएं।कलेक्टर ने कहा कि सड़क निर्माण में जिन किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है उसका उप संचालक कृषि मूल्यांकन करके आज ही रिपोर्ट प्रस्तुत कर दें जिससे किसानों को समुचित राशि प्रदान की जा सके। कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल एयरपोर्ट में पुरानी बिजली की लाइन को हटाकर अधिक क्षमता वाली लाइन बिछाने का कार्य तत्काल शुरू करें। एयरपोर्ट को 10 फरवरी तक बिजली का कनेक्शन प्रदान करें। कलेक्टर ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल, टर्मिनल भवन तथा रनवे के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम हुजूर वैशाली जैन अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला, उप संचालक कृषि यूपी बागरी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दिए निर्देश राजस्व अभियान में 15 जनवरी से पूर्व दर्ज नामांतरण के सभी प्रकरण निराकृत करें

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक से तीन फरवरी तक लगेंगे शिविर

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एसडीएम राजस्व महाअभियान की प्रतिदिन समीक्षा कर रिपोर्ट दें। राजस्व प्रकरणों के लंबित रहने के कारणों को दूर करते हुए प्रकरणों का निराकरण कराएं। अभियान में 15 जनवरी से पूर्व दर्ज नामांतरण के सभी प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करें। प्रत्येक राजस्व निरीक्षक को प्रतिदिन सीमांकन के लक्ष्य देकर उसके अनुरूप सीमांकन कराएं। अभियान के दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। प्रकरण निराकृत करके आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज कराएं। नक्शा तरमीम तथा खसरे में सुधार के लिए पटवारियों की ड्यूटी तहसील में लगाएं। अभियान पूरा होने तक नक्शा तरमीम तथा खसरे में सुधार के सभी प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं। राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान किसान सम्मान निधि की ई केवाईसी अपडेशन का कार्य शत-प्रतिशत किया जाना है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके लिए ग्रामवार रोजगार सहायकों की तैनाती करें। पटवारी इस कार्य में रोजगार सहायकों को सहयोग देंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिदिन ई केवाईसी अपडेशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी तरह आयुष्मान भारत योजना के शेष बचे पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए जाएंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोजगार सहायकों के माध्यम से तथा ब्लॉक मेडिकल आफीसर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से नए आयुष्मान कार्ड जारी कराएं। इसके पात्र तथा छूटे हुए हितग्राहियों की ग्रामवार सूची उपलब्ध करा दी गई है। खाद्यान्न पर्ची तथा संबल कार्डधारी हितग्राही भी आयुष्मान कार्ड के लिए पात्र हैं। इन्हें भी आयुष्मान कार्ड जारी कराएं। नए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक से तीन फरवरी तक प्रत्येक गांव में शिविर लगाए जाएंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसका प्रत्येक गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। इसी तरह नगरीय निकाय में भी शिविर लगाए जाएंगे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पूर्ण गौशालाओं का 31 जनवरी तक विधिवत संचालन कराएं। पूर्ण गौशालाओं के पंजीयन की भी तत्काल कार्यवाही शुरू करें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौशालाओं में बिजली-पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में गौवंश अभ्यारण्य निर्माण के प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण करें। अपर कलेक्टर इसकी नियमित समीक्षा करें। राजस्व प्रकरणों का निराकरण करके उन्हें आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। यदि किसी भी राजस्व न्यायालय में ऑफलाइन प्रकरण मिले तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान एक साल से अधिक अवधि से लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण कराएं।बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदाता सूची के संबंध में नाम जोड़ने, काटने और स्थानांतरित करने के प्राप्त आवेदनों को समय सीमा में निराकृत करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, संयुक्त कलेक्टर आरके सिन्हा, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।



संपादक की कलम से

## दुनियां ने देखा भारत का आध्यात्मिक भाव-प्रभु श्री राम को 500 वर्षों बाद मिली मंदिर की छांव

वैश्विक स्तरपर 22 जनवरी 2024 सोमवार के दिन का इंतजार करते भारत ही नहीं पूरी दुनियां के भक्तों की आंखें तरस गई थी कि कब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में सुखकारी रूप से होवे और हम प्रभु के जीवंत स्वरूप का दर्शन करें। बता दें कि हमारे बड़े बुजुर्गों ने ऐसा बताया है कि जब किसी भी व्यक्ति गुरु प्रभु महात्मा महामानव महापुरुष इत्यादि के स्वरूप में पूर्ण रूपेण पद्धति प्रक्रिया व धार्मिक अनुष्ठान प्राण प्रतिष्ठा की जाती है तो इसका मतलब यह माना गया है कि, उसमें उस प्राणी में प्राणों का संचार किया गया है, याने दूसरे शब्दों में अनुष्ठान कर उस स्वरूप को जीवित कर दिया जाता है जो अदृश्य रूप में होता है,मानवीय आंखों से दिख नहीं पता परंतु भक्त अगर हृदय की आंखों से देखे तो हाजरा हजूर प्रभु जरूर नजर आएंगे, बस इसी संज्ञान में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कर उनमें प्राणों का संचार किया गया है अब भक्तों के देखने का नजरिया है, अगर हृदय की आंखों से हम देखेंगे तो हम हाजरा हजूर प्रभु श्री राम के जीवंत दर्शन होंगे नहीं तो फिर वही कहावत कि,मानो तो मैं गंगा मां हूं ना मानो तो बहता पानी। अगर हृदय में विश्वास है तो हमें पत्थर में भी भगवान दिख जाते हैं, यदि हृदय में आस्थापूर्ण विश्वास नहीं है तो जीवंत प्रभु में भी पत्थर ही नजर आएगा ऐसी चर्चा मेरे दादाजी अक्सर अनेक मौका पर किया करते थे। जो बातें बचपनकी मैने सुनी वह आज जीवंत रूप में देख रहा हूं।पिछले कई दिनों से जिस तरह जोरदार भावपूर्ण तैयारीयों का नजारा हम मीडिया में देख रहे हैं, घर-घर व गांव, मेट्रो सिटी शहर को सजा हुआ, मैंने देखा तो रामायण में लिखी प्रभु श्री राम की वनवास से वापसी का मंजर मैं जीवंत देखने लगा, ऐसा लगा शायद हम हजारों वर्ष पूर्व की स्थिति त्रेतायुग में आ गए हैं। तब प्रभु श्री राम की 14 वर्षों के वनवास से वापसी हुई थी और संपूर्ण अयोध्या में दीपावली से भी बढ़कर माहौल था। हर व्यक्ति खुश था बस!! वही मंजर 22 जनवरी 2024 को देखा जब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो विश्व का हर राम भक्त खुशी से सराबोर होकर झूम उठा, मानो बस!! अब हमें प्रभु श्री राम मिल गए हैं, अब और कुछ नहींचाहिए। प्रभु दर्शन से ही हमारी सारी इच्छाएं पूर्ण हो गई है,यहभारतीयों का भाव पूरी दुनियां ने देख के कहा प्रभु श्री राम की वास्तव में वनवास से वापसी हुई है, जो 500 साल वनवास था जिसे वक्त को फिर दोहरा दिया है, चूंकि प्राण प्रतिष्ठा से पूरा विश्व सराबोर हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से प्रभु के जीवंत स्वरूप में आने के आभास से भक्तगण सराबोर हुए हैं।

साथियों बात अगर हम 22 जनवरी 2024 को जोरदार ढंग से भावपूर्ण मन से मनाने की करें तो, प्राण प्रतिष्ठा में तैयारी ऐसी थी कि मानो असल दीपावली अबकी बार मनाई जाएगी। गली-चौराहों से लेकर टैक्सी, पेट्रोल पंपों और यहां तक कि घरों में भी राम धुन बज रहा है। पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र घर-घर पहुंचाने का असर ऐसा हो रहा है कि हर कोई खुद को इसआयोजन से सीधा जुड़ा हुआ महसूस करने लगा है। बृहस्पतिवार को शहर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई शोभा यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए थे। भगवान राम की मनमोहक झांकी की अगुवाई में निकली यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के चलते करीब एक किमी तक केवल भगवामय राम भक्तों की टोली ही नजर आ रही थी। अयोध्या धाम में 22 जनवरी, 2024 को आयोजित श्री राम मंदिर के प्रतिष्ठापन समारोह के सुचारू और सफल संचालन के लिए अत्यधिक सावधानी के साथ व्यवस्था की गई थीं। पीएम निर्धारित अनुष्ठानों के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा किए। इस दिनकरीब 8, हजार से अधिक अतिथि मंदिर मेंआए, इसके बाद 23 जनवरी से लाखों भक्त आएंगे।

साथियों बात अगर हम माता सीता के मायके जनकपुर मिथिला गांव नेपाल के खुशियों में सराबोर होने की करें तो, देवी सीता का मायका खुशी और उत्साह से भरा हुआ है। नेपाल में जनकपुरधाम में धूमधाम और उल्लास के साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जनकपुर निवासियों का कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हमारे लिए भी खुशी की लहर लेकर आया है। हमने उस दिन घटनाओं की एक श्रृंखला की योजना बनाई थीं, जो सुबह शुरू हुई और दिन के अंत तक चली। सिंदूर के चूर्ण से रंगोली और फूलों से भगवान राम की तस्वीर बनाए। हम अपने घर में दीपावली भी मनाए। अयोध्या में मंदिर निर्माण से हम सभी खुश हैं।

पूरा जनकपुर इससे खुश है। दीपावली मनाने के लिए तैयार लोग जनकपुर के एक सजन ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से इससे काफी खुश और उत्साहित हूं।मैंनें 22 जनवरी को दीपावली मनाया और मंदिर में दीपक भी जलाए। मैं अपने दोस्तों और अन्य लोगों से 22 जनवरी को दीपावली मनाने के लिए कह कहा था। बता दें, जनकपुर धाम एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है यह भगवान राम की पत्नी देवी सीता के जन्मस्थान के रूप में प्रसिद्ध है। धार्मिक ग्रन्थों और पौराणिक कथाओं के अनुसार यह स्थान राजा जनक जो की माता सीता के पिता थे उनके राज्य मिथिला कीराजधानी हुआ करता था। यह वहीं स्थान है जहां से माता सीता प्रकट हुई थीं। इसी जगह पर जब राजा जनक खेत में हल चला रहे थे, तब उन्हें धरती से सोने का एक सुंदर संदूक या कलश मिला जिसमें देवी सीता थी। देवी सीता के मायके में उत्सव के बीच, शहर भर के लाउड स्पीकर जय श्री राम के नारे के साथ-साथ राम लला को समर्पित गीतों की सार्वजनिक स्क्रीनिंग के साथ गूंज रहे हैं। जनकपुर में रेलवे स्टेशन के बगल में स्थित महाबीर मंदिर मेंशनिवार को अस्ताजाम शुरू हुआ, जिसमें चौबीसों घंटे राम भजनों का जाप किया गया। भक्तों ने राम के नारे लिखे स्कार्फ को पहना। जनकपुर में अस्तजाम के भक्तों और आयोजकों में से एक कमल हाथी ने कहा, भगवान हनुमान के बिना, भगवान राम कहीं नहीं जाएंगे, इसलिए हमने अष्टजाम का तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया है, जो चौबीसों घंटे चलता है। 22 जनवरी को हम हनुमान आराधना किए। इस दौरान 12 बार हनुमान चालीसा का पाठ किए और बाद में शाम को हम तेल से भरे मिट्टी के दीपक जलाएंगे।

## गांव में टिकाऊ आजीविका

- भारत डोंगरा

तालबेहट ब्लाक के हनौता गांव में सहरिया आदिवासी व दलित परिवार प्राय: ऐसी स्थिति में वर्षों से रहते आए हैं जब पानी के अभाव में वे खेती नहीं कर पाते थे व प्रवासी मजदूर के रूप में इंदौर, दिल्ली, पंजाब आदि में भटकते रहते थे। ईंट भट्ठों पर या जहां भी काम मिले, बहुत कम मजदूरी पर कार्य करने को मजबूर थे, पर अब इस मजबूरी पर रोक लगी है। रबी की फसल तो कई किसानों ने पहली बार ली है। सोना सहरिया एक आदिवासी महिला है जो तालबेहट ब्लाक के बम्हौरा गांव में अपने छोटे स्तर की खेती-किसानी से संतोषजनक आजीविका प्राप्त कर रही है। खेत और किचन गार्डन में बहुत सी सब्जियां लगी हैं, नीबू और अमरूद के पेड़ लगे हैं, जैविक खाद तैयार हो रही है, पर यह स्थिति एक दशक पहले नहीं थी। उस समय सोना के पति इंदौर में प्रवासी मजदूर के रूप में ईंट भट्ठों पर मजदूरी करते थे। उन दिनों को याद करते हुए वे बताते हैं कि किसी-किसी दिन तो पूरा दिन मेहनत कर पांच रुपए की ही आमदनी होती थी। खूब मेहनत करने के बावजूद न अपने लिए बचत कर पाते थे, न गांव में अपने घर के लिए। जैसे ही उन्हें खबर मिली कि अब गांव में स्थिति सुधर रही है तो प्रवासी मजदूरी छोड़कर गांव वापस आ गए और नए सिरे से खेती जमाने के हिम्मत भरे प्रयास करने लगे। आज उसके परिणाम सामने आ चुके हैं - हरे खेत लहलहा रहे हैं, नींबू और अमरूद के पेड़ भी खड़े हैं। अपने लिए पर्याप्त खाद्य प्राप्त हो रहा है, कुछ बिक्री भी हो रहा है। आर्थिक स्थिति को वे संतोषजनक मान रहे हैं और भविष्य के लिए उम्मीद भी है।

सोना के खेत में सावां और कोदो जैसे मिलट या मोटे अनाज भी उगाए जा रहे हैं, ताकि इन पौष्टिक गुणों वाले, पर उपेक्षित मोटे अनाजों की वापसी हो सके। सोना ने बड़े बर्तन दिखाए जिनमें मोटे अनाजों के बीज संग्रहित किए जाएंगे व इस 'बीज बैंक' के माध्यम से अन्य किसान भी मोटे अनाज उगा सकेंगे।

# राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से समस्त भारत हुआ राममय

**अयोध्या से आर.के. सिन्हा**

अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भव्य रूप से सम्पन्न हो गई। संत समाज के अलावा पूरे विश्व से मात्र लगभग ढाई - तीन हजार चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया गया था जिसमें सौभाग्य से मैं सपत्नीक आमंत्रित था ।यह सबों के लिये जीवन के एक दुर्लभ क्षण के रूप में याद रखा जाएगा। यह कल्पना से परे अविस्मरणीय दृश्य रहा। अयोध्या के राम मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि - विधान के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके साथ ही सारा देश सारा देश राममय हो गया ।पूरे देश क्या विश्व भर के राम भक्तों के मन में भावनाओं की अनंत आनंद के हिलोरें हैं। भावनाओं की अभिव्यक्ति में शब्द सक्षम या पर्याप्त नहीं हैं। कश्मीर में बर्फ से ढकी ऊंची चोटियों से लेकर कन्याकुमारी में धूप से सराबोर समुद्र तटों तक,राम नाम की गूंज ने पूरे भारत में भक्ति का माहौल बना दिया है। अब अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर भारत की एकता और भक्ति के प्रतीक के रूप में खड़ा है, न केवल भव्यता में, बल्कि देश-विदेश से मिले योगदान के रूप में भी यह मंदिर अद्वितीय है ।कई बुद्धिमान कह रहे थे कि दक्षिण के प्रदेशों में , खासकर तमिलनाडु और केरल में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का विरोध हो रहा है । लेकिन , आज अयोध्या की सड़कों पर जो दृश्य मैंने देखा वह तो बिलकुल अलग था । छोटे से अयोध्या नगरी में लाखों स्त्री - पुरुष भरे पड़े हैं । कोई सड़क खाली नहीं दिखी । सरयू का तट भी भरा पड़ा है । इसमें पूरे देश के सभी राज्यों से आये हुए लोग थे । तमिलनाडु तो भरपूर थे । शंकर महादेवन का राम का भजन तो अद्भुत था । प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्र स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत समेत हजारों राम भक्तों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हो गया ।सभी के सभी अथिति सुबह दस बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक मंत्र मुग्ध होकर बैठे रहे , चाहे अमिताभ बच्चन हो या मुकेश अंबानी , सचिन तेंदुलकर हों या अक्षय कुमार , माधुरी दीक्षित हों, कंगना रानौत, श्री श्री रविशंकर हों या बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री , हेमा मालिनी जी हों या दीदी माँ साध्वी ऋतंभरा , सब के सब साढ़े पाँच घंटे बैठे रहे !

मुझे भी सपत्नीक इस अनुपम और यादगार अवसर पर राम लला के दर्शन का सौभाग्य मिला ।बेशक, यह मंदिर उस अटूट विश्वास और उदारता का प्रमाण है जो किसी सीमा से परे किसी मंदिर के तीर्थाटन के लिए पूरे देश को जोड़ती है। मंदिर का मुख्य भाग तो राजसी ठाठ -बाट लिए हुए है। यह राजस्थान के मकराना संगमरमर की प्राचीन श्वेत शोभा से सुसज्जितहै। इस मंदिर में देवताओं की उत्कृष्ट नक्काशी कर्नाटक के चमोर्थी बलुआ पत्थर पर की गई है। जबकि, प्रवेश द्वार की भव्य आकृतियों में राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के गुलाबी बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है। मैं मानता हूं कि इस मंदिर के लिए भक्तों का किया गया योगदान निर्माण सामग्री से से लेकर कहीं आगे तक जाता है। मंदिर में गुजरात की उदारता उपहार स्वरूप 2100 किलोग्राम की शानदार अष्टधातु घंटी के रूप में दिखती है जो इसके हॉलों में दिव्य धुन के रूप में गूंजा करेगी । इस दिव्य घंटी के साथ, गुजरात ने एक



विशेष 'नगाड़ा' ले जाने वाला अखिल भारतीय दरबार समाज द्वारा तैयार 700 किलोग्राम का रथ भी उपहार स्वरूपदिया है। भगवान राम की मूर्ति बनाने में इस्तेमाल किया गया काला पत्थर कर्नाटक से आया है। हिमालय की तलहटी से अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा ने जटिल नक्काशीदार लकड़ी के दरवाजे और हस्तनिर्मित संरचना पेश किए हैं,जो दिव्य क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में खड़े हैं।इस भव्य और दिव्य मंदिर के लिए योगदान की सूची यहीं खत्म नहीं होती। पीतल के बर्तन उत्तर प्रदेश से हैं। यहां पर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भरपूर क्रेडिट देना होगा जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति को निरंतर बारीकी से खुद देखा। उनकी राज्य के मुख्यमंत्रित्व के दायित्वों के साथ-साथ मंदिर के निर्माण के काम पर पैनी नजर रही। राम मंदिर की कहानी सिर्फ सामग्री और उसकी भौगोलिक उत्पत्ति के बारे में बताकर ही समाप्त नहीं होती है । यह उन अनगिनत हजारों प्रतिभाशाली शिल्पकारों और कारीगरों की भक्तिपूर्ण मेहनत की कहानी है , जिन्होंने मंदिर निर्माण के इस पवित्र प्रयास में अपना दिल, आत्मा और कौशल डाला है। इस बीच, जहां सोमवार को जब राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा था तब पर देश के लाखों मंदिरों और चौराहों पर हनुमान चालीसा और पर सुंदर कांड का पाठ चल रहा था। अकेले दिल्ली-एनसीआर में दो हजार से अधिक स्थानों पर सुंदर कांड का पाठ हुआ। दिल्ली से सटे एनसीआर में ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के उदभट विद्वान डॉ. जे.पी. शर्मा ह्यत्रिखाह्न के नेतृत्व में सैकड़ों भक्तों ने सुंदर कांड में भाग लिया। इसी तरह से देश भर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर लाखों स्थानों पर भंडारों के कार्यक्रम चले।

बेशक,राम मंदिर अयोध्या में सिर्फ एक स्मारक नहीं है; यह विश्वास की एकजुट संकल्प शक्ति की सफलता का बेमिसाल उदाहरण बनकर उभरा है । हर पत्थर,हर नक्काशी,हर घंटी,हर संरचना 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की कहानी कहती है , जो भौगोलिक सीमाओं से परे सामूहिक आध्यात्मिक यात्रा में दिलों को जोड़ता है। राम मंदिर निर्माण में रूड़की के सीएसआईआर-सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, हैदराबाद के सीएसआईआर - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई); बेंगलरु के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स (आईआईए) और सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी (आईएचबीटी) पालमपुर (एचपी) का भी अहम योगदान रहा। सीएसआईआर-सीबीआरआई रूड़की ने राम मंदिर निर्माण में प्रमुख योगदान दिया है; सीएसआईआर-एनजीआरआई हैदराबाद ने नींव डिजाइन और भूकंपीय सुरक्षा पर महत्वपूर्ण इनपुट दिए; डीएसटी-आईआईए बेंगलुरु ने सूर्या तिलक के लिए सूर्य पथ पर तकनीकी सहायता प्रदान की; और सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर ने अयोध्या में दिव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए ट्यूलिप खिलाए हैं। इस मौसम में ट्यूलिप में फूल नहीं आते। यह केवल जम्मू-कश्मीर और कुछ अन्य ऊंचे हिमालयी क्षेत्रों में ही उगता है और वह भी केवल वसंत ऋतु में। इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी पालमपुर ने हाल ही में एक स्वदेशी तकनीकी विकसित की है, जिसके माध्यम से ट्यूलिप को उसके मौसम का इंतजार किए बिना पूरे वर्ष उपलब्ध कराया जा सकता है।

इस बीच, राम मंदिर के निर्माण में कहीं भी सीमेंट या लोहे और इस्पात का उपयोग नहीं किया गया है। तीन मंजिला मंदिर का संरचनात्मक डिजाइन भूकंप प्रतिरोधी बनाया गया है और यह 2,500 वर्षों तक रिक्टर पैमाने पर 8 तीव्रता के मजबूत भूकम्पीय झटकों को बर्दाश्त कर सकता है ।सीएसआईआर-सीबीआरआई रूड़की प्रारंभिक चरण से ही राम मंदिर के निर्माण में शामिल रहा है। संस्थान ने मुख्य मंदिर के संरचनात्मक डिजाइन, सूर्य तिलक तंत्र को डिजाइन करने, मंदिर की नींव के डिजाइन की जांच और मुख्य मंदिर की संरचनात्मक देखभाल की निगरानी में योगदान दिया है।

इसके अलावा, हैदराबाद के एनजीआरआई ने भी नींव डिजाइन और भूकंपीय/भूकंप सुरक्षा पर महत्वपूर्ण इनपुट दिए। कुछ आईआईटी विशेषज्ञ सलाहकार समिति का भी हिस्सा थे और यहां तक कि भव्य भवन के निर्माण में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का भी उपयोग किया गया है। राम मंदिर की एक अनूठी विशेषता इसका सूर्य तिलक तंत्र है, जिसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि अगले एक हजार वर्ष तक हर वर्ष श्रीराम नवमी के दिन दोपहर 12 बजे लगभग 6 मिनट के लिए सूर्य की किरणें भगवान राम की मूर्ति के माथे पर पड़ेंगी यानि सूर्य अपने सूर्यवंशी राम को अपनी किरणों का तिलक लगायेंगे । राम नवमी हिंदू कैलेंडर के पहले महीने के नौवें दिन मनाई जाती है, यह आमतौर पर मार्च-अप्रैल में आती है, जो भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्मदिन का प्रतीक है। बहरहाल, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देशभक्त भारतवासियों के खंडित स्वाभिमान की फिर से स्थापना हो गई है। इससे सारा भारत प्रसन्न है।=

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# क्रांतिकारी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 126 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चैथा स्थान प्राप्त किया था। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे।

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की



फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये।

उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ।

चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई।

जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी।

नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इंफाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा।

6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन 1946 के नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा।

विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया। पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया। रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है।

## निरंतर प्रगति और सकारात्मक संघर्ष, जीवन की श्रेष्ठ परिणति

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार , चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## अभाविप ने मनाया जनजातीय वस्ती में दीपोत्सव



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई खनियांधाना के कार्यकर्ताओं ने खनियांधाना नगर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जनजातीय वस्ती में 501 दिये वितरित किए साथ ही शवरी माता मंदिर पर दीप जलाकर पांच सौ साल के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम अयोध्या में अपनी जन्मभूमि पर बन रहे मंदिर में पुनः विराजमान हो रहे हैं जिसकी खुशियां मनाई और मिठाई वितरित की जिसमें प्रांत कार्यकारिणी सदस्य व भाग संयोजक वैष्णवी भरद्वाज , जिला छात्रावास प्रमुख प्रभान सिंह यादव, नगर मंत्री अजय यादव, छोटू , कृष्णपाल , गोलू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाधान आपके द्वार इस अभियान में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करें – अर्चना सिंह

### प्रशासन और पुलिस की टीम सक्रिय भागीदारी करे

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- अभी समाधान आपके द्वार का पांचवा चरण शुरू हो रहा है। इस अभियान के तहत 24 फरवरी को कैंप का आयोजन किया जाएगा। समाधान आपके द्वार अभियान के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक में लोगों के विवादों को उनके द्वार पर जाकर ही निराकरण का उद्देश्य है। इस योजना में अपराधिक, राजस्व, वन, विद्युत एवं न्यायालयीन प्रकरणों को आपसी समझौते के माध्यम से निराकरण करना है। जिला न्यायाधीश अर्चना सिंह ने इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए प्रशासन एवं पुलिस के संबंधित अधिकारियों को



निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभाग निराकरण योग्य प्रकरणों को चिन्हित करें और जानकारी उपलब्ध कराएं। इस अभियान के तहत पिछली बार आयोजित कैंप में 19 हजार मामलों का निराकरण किया गया है। सभी विभाग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करें।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदोरिया, एसडीएम, एसडीओपी, प्रशासन और पुलिस के अन्य अधिकारी और अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। प्रकरण चिन्हित करके निराकरण करें। राजस्व अभियान भी चलाया जा रहा है। राजस्व प्रकरणों को तत्काल निराकरण करें।

## सुभाष चन्द्र बोस के प्रसंग से समझाया, नौजवानों! भारत के लिए कुर्बानी देने वाले जापानी नौजवान के ऋणी हो

सूरत (गुजरात) वक्त के पूरे सन्त, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि जब अंग्रेज हिंदुस्तान में राज्य कर रहे थे, हट नहीं रहे थे, आजादी की लड़ाई शुरू हो गई थी तो सुभाष जापान गए थे। वहां पर लोगों को इकट्ठा करके आवाज लगाया, मदद मांगा कि हमको कोई देश को आजाद कराने के लिए मदद दे दे। लोगों ने पूछा क्या मदद की जरूरत है? उन्होंने कहा हमको एक नौजवान चाहिए जो अपनी जान की कुर्बानी दे दे। एक लड़का खड़ा हुआ, कहा अपने देश के लिए सब कुर्बान होते हैं, रखवाली करते हैं, सीमा पर जान दे देते हैं। चल मैं तेरे भारत देश के काम आऊंगा। सुभाष ने पूछा तेरे घर में और कौन-कौन है? बोला केवल एक बूढ़ी मां। बोले तेरी मां ही तेरे इस अच्छे काम में बाधा बनेगी। तुझको वह नहीं देगी। दिल दुखा कर हम तुझे ले जाना नहीं चाहते हैं। देखो सहज मिले सो दूध सम, मांगे मिले सो पानी, कहे कबीर वा रक्त सम जामें खिंचा तान कहते हैं- सहज में मिली चीज दूध के समान, मांगने से मिले तो पानी और खींचातानी जोर जबरदस्ती से तकलीफ लेकर अगर ले लो तो वही चीज खून की तरह हो जाती है। तो कहा हम तुझे ऐसे नहीं ले जाएंगे।

## चाचौड़ा चंपावती में 22 जनवरी



**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

को सदर बाजार मस्जिद बाली गली में जोरो सोरों से कार्यक्रम हुआ जिसमें राम दरबार की झांकी लगाई गई जिसमें सभी मोहल्ले वाले मौजूद रहे सभी का हृदय से सहयोग रहा जिसमें राम का किरदार निभाने वाली रोनक सोनी पुत्री गोलू सोनी लक्ष्मण का किरदार निभाने वाली माही वर्मा पुत्री कैलाश वर्मा एवम सीताजी का किरदार निभाने वाली कनक वर्मा पुत्री गिरिराज वर्मा एवं हनुमान जी का किरदार निभाने वाले कृष्णा जोशी पुत्र प्रणय जोशी एवं बानर सेना में राघव साहू पुत्र दीपेश साहू एवम माधव सोनी पुत्र गोलू सोनी इन सभी को तैयार करने में प्रियांशु जी संत का योगदान रहा जय श्री राम

## नगर के मारवाड़ी रोड निवासियों ने निकाली... भव्य शोभायात्रा



बैरसिया।। सोमवार को भगवान श्री राम के अयोध्या धाम में राम जन्मभूमि पर बने नवनिर्माण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर दिनभर बैरसिया नगर राम मय रहा। इसी खुशी के मौके पर मारवाड़ी रोड निवासी महिलाओं ने बड़े हर्ष उल्लास से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा नगर के मारवाड़ी रोड से प्रारंभ होकर सांवलिया मंदिर दुर्गा चौक से होते हु

## हरि संकीर्तन और रामायण पाठ से राममय हुआ अमलीपदर,सार्वजनिक भण्डारा का किया गया भव्य आयोजन

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ पुष्पांजलि टूडे अश्वनी अवस्थी**

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय आदर्श ग्राम अमलीपदर में अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया !जिसमें 22 जनवरी के पूर्व संध्या अमलीपदर नगर के मुख्य चौंक चौराहे पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई !इस मौके पर नन्हे बच्चों का राम लक्ष्मण सीता और हनुमान के वेशभूषा में झांकी भी निकाली गई !जिससे अमलीपदर नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया !इतना ही नही बल्कि निरंतर तीन दिन तक नगरवासियों ने अपने घर आंगन में रंगोली सजाकर दीपावली की तरह दीप जलाए !और पुनः 22 जनवरी को समस्त ग्रामवासी ने माँ दुर्गा मंदिर परिसर में एकत्रित होकर विराजित श्री लखन सियाराम जी एवं समस्त देवी देवताओं का विधि विधान से पूजन समय प्रातः 8 बजे से 10 तक किया !उक्त पूजन को पंडित कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने सम्पन्न कराया !प्रातः10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आदर्श रामायण मंडली अमलीपदर द्वारा मानस पाठ कर प्रभु श्री राम जी के सुंदर बाल लीला का वर्णन किया गया !इस तरह निरंतर दोपहर 12 बजे से संध्या 7 बजे तक आयोजक समिति द्वारा आमंत्रित हरि संकीर्तन मंडलियों द्वारा बारी बारी से महामंत्र का जाप किया गया !तथा संध्या 7 बजे समस्त ग्रामवासियों ने एकत्रित होकर हजारों दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री राम जी की महाआरती किया !आरती के उपरांत प्रसाद वितरण कर खूब आतिशबाजी किया गया !इस तरह पुरे नगर का वातावरण राममय हो गया !इतना ही नही बल्कि श्रद्धालु भक्तों के लिए भव्य भण्डारा का आयोजन भी किया गया था !ज्ञात हो कि उक्त भण्डारा में श्रद्धालु भक्तों का दोपहर 12 बजे से रात्रि के 10 बजे तक तांता लगा रहा !ज्ञात हो कि भंडारा मे भोजन परोसने के लिए स्वप्रेरित होकर अमलीपदर के समस्त नर-नारियों एवं बालक-बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान किया !उनके इस पुण्य के कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए श्री रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संचालन समिति ने आभार व्यक्त करते हुए विश्व शांति के लिए कामना किया है !भक्तिभाव के कड़ी में एक भक्तिभरा सेल्फी जोन भी बनाया गया था !जिसका शीर्षक÷हमर गांव अयोध्या÷रखा गया था !जिसमें समस्त श्रद्धालु भक्त आकर देर रात तक भक्तिभरा सेल्फी लेते रहे !इस तरह प्रत्येक नर नारी श्री राम भक्ती में समर्पित होकर तल्लीन हो गये !और पुरे नगर में भगवा ध्वज लहरा रहा था !

## रहुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम का गायन कर दिया जिला कांग्रेस ने धरना

**मुरैना!** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में एम.एस रोड़ स्थित बिजली घर के सामने गांधी बाल निकेतन मैरिज होम में गांधी जी की प्रतिमा के सामने महात्मा गांधी जी के द्वारा गाए गए गीत रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम का गायन कर शांति पूर्ण तरीके से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना दिया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण मधुराज तोमर ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मान. श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ों न्याय यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर से प्रारंभ हुई है जो मणिपुर, नागालैंड, अरूणाचल की सफलतापूर्वक यात्रा कर चुके है और अब असम में प्रवेश किया है। लोगों के दिलों को छूने वाली यह यात्रा सफलतापूर्वक चल रही है । हमारे देश में युवाओं, महिलाओं और हाशिये पर पड़े लोगों के लिए न्याय (न्याय) की मांग करने के उद्देश्यों को लेकर की जा रही है। अफसोस की बात है, कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के इशारे पर भाजपा के सबसे भ्रष्ट असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा जो कि असम में इस शांतिपूर्ण न्याय यात्रा को बाधित करने की पूरजोर कोशिश कर रहे है। पिछले दो दिनों में भारत जोड़ों न्याय यात्रा के काफिलों पर सुनियोजित हमले और



तोड़फोड़ की घटनाएं की गई है । इन उपद्रवियों द्वारा यात्रा के पोस्टरों को हटा दिया गया तथा जानबूझकर बीजेपी की भीड़ इकठ्ठा की गई ।और इसी क्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर दीपक शर्मा ने कहा कि मान. श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ों न्याय यात्रा के काफिले पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया जिससे वे घायल हो गये। असम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर भाजपा समर्थित उपद्रवियों, गुण्डो द्वारा न्याय यात्रा पर हमला किया गया है यह उनकी हताशा के अलावा और कुछ नहीं है। असम के मुख्यमंत्री द्वारा प्रशासनिक विफलताओं और भ्रष्टाचार को छिपाने तथा भारत जोड़ों न्याय यात्रा की सफलता से घबराकर इस तरह के हमले किये जा रहे है । उक्त धरना मे जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, अंबाह विधायक देवेन्द्र सखवार, मुरैना सभापति राधारमण डंडोतिया, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र यादव, संगठन मंत्री ग्रामीण सुभाष सिंह सिकरवार, संगठन मंत्री शहर सत्यपाल सिंह कुशवाह, वीरेन्द्र हर्षाना रांशू, पूर्व प्रदेश महासचिव रामलखन डंडोतिया, पूर्व प्रदेश महासचिव जसवीर गुर्जर, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह डंगस, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रमराज मुदगल, कार्यकारी अध्यक्ष लोकेंद्र यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नजमा बेगम, ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक पटेल, प्रवक्ता हरीश पाठक, मनीष उपाध्याय, अशोक भदौरिया, पूर्व पार्षद अजीत सिकरवार, सौरभ सोलंकी, कार्यकारी अध्यक्ष गजेन्द्र सिंधी, ब्लॉक अध्यक्ष बानमोर पूरन यादव, रन सिंह सिकरवार, शशी सक्सेना, रामू तोमर पूर्व जनपद अध्यक्ष, नरोत्तम माहोर, राकेश परमार, राजकुमार पाठक, किशन पंडित, राजेश राठौर, नरेश यादव, गौरव चतुर्वेदी, हेमन्त तोमर, पवन यादव, सौरव मिश्रा, अशोक तोमर, रिंकू पचौरी, प्रदीप रजक, कार्यालय मंत्री रामू टुंडेलकर, अमनीष कटारे, रामजीलाल माहोर, पवन शुक्ला, बल्लू डंडोतिया, सुभाष माहोर, नागेन्द्र सिकरवार, आशा बेपुरिया, गंगा सिंह तोमर, मलखान गुर्जर, दीपक सोलंकी, शिवकुमार नरवरिया, सचिन डंडोतिया, गिर्राज शर्मा, ममता, गुड्डी बाई, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित कंगना रनौत की पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी 14 जून 2024 को होगी रिलीज




चार बार की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित अभिनेत्री कंगना रनौत एक के बाद एक अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में सर्वोच्च स्थान पर बनी हुई हैं। एक दमदार कलाकार, अभिनेत्री अपने बहुप्रतीक्षित आगामी राजनीतिक ड्रामा इमरजेंसी में एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयारी कर रही है, जिसमें वह पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे विवादास्पद घटना का एक मेगा बजट चित्रण है। इसके मूल में सर्वकालिक सबसे सनसनीखेज नेताओं में से एक भारत की पहली महिला प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी खड़ी हैं।दुनिया भर में एक भव्य रिलीज के लिए निर्धारित, इमरजेंसी 14 जून, 2024 को स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है। कंगना रनौत द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित, फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर के माध्यम से की, जिसमें एक अखबार के पहले पन्ने पर उन्हें दिवंगत प्रधान मंत्री के रूप में नजर आ रही है।फिल्म पर अपने विचार साझा करते हुए, कंगना रनौत ने कहा, ÷इमरजेंसी मेरी सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना है और मणिकर्णिका के बाद दूसरी निर्देशित फिल्म है, इस बड़े बजट, भव्य पीरियड ड्रामा के लिए हमारे पास सर्वश्रेष्ठ भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाएं एक साथ आ रहे हैं।इमरजेंसी में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। ज़ी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिया गया है।

## कर्ज पटाने के लिए की चोरी खनियाधाना पुलिस ने पीएनबी बैंक से चोरी करने वाले माइस्टर माइण्ड सहित चार अन्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-दिनांक 16 - 17.01.2024 की दरम्यानी रात्रि मे अज्ञात बदमाशों के द्वारा पीएनबी बैंक ग्राम गूढ़र थाना खनियाधाना मे गैस कटर से ताले काटकर चोरी करने का प्रयास करने की घटना घटित की गई थी, जिस पर से थाना खनियाधाना पर अपराध क्रमांक 25/2024 धारा 457,380,511 ताहि. का कायम कर विवेचना मे लिया गया था । उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा चोरी , नकवजनी , एटीएम, बैक चोरी की घटनाओ मे संलिप्त आरोपियों की तलाश व माल मुल्जिम की शीघ्र पतारसी करते हुये गश्त को शतर्कता से करने हेतु आदेशित किया गया था । उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले व एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे अज्ञात आरोपीगणों की पतारसी शुरू की गई टैक्नीकल मदद के माध्यम से संदेही नबल जाटव निवासी सलैया थाना भौंती के बारे मे सुराग मिला जिससे पूछताछ की गई तो उसने सम्पूर्ण घटना व घटना घटित करने वाले आरोपियों का खुलाशा किया ।

01.अपराध घटित करने का कारण - घटना के मास्टर माइण्ड धीरज साहू के द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा कर्जा लेकर मकान बनाया गया है दुकान मे सामान भी कर्ज से भरा है । धीरज साहू के बताये अनुसार उसके ऊपर करीब 10 से 15 लाख रुपये का कर्जा है ।

02.तरीका ए बारदात - घटना के मास्टर माइण्ड धीरज साहू ने पूछताछ पर बताया कि बह एक्सिस बैंक का कियोस्क सेन्टर मायापुर मे स्थित अपने घर मे संचालित करता है । धीरज साहू के द्वारा यू ट्यूब पर गैस कटर के माध्यम से ताले आसानी से काटे जाकर बैंक, एटीएम से पैसे चोरी कैसे की जाये के सम्बंध मे विडियो देखे गये । उसके पश्चात धीरज साहू के द्वारा घटना को अंजाम देने के लिये करीब ढेड़ माह पूर्व अल्टो कार क्रमांक स्क्क33 ँश्व 0893 को खरीदी गई । धर्मेन्द्र विश्कर्मा, धर्मेन्द्र जाटव, बृजेश प्रजापति, अनिल झां निवासीगण ग्राम पीपल खेड़ा एवं अरविन्द्र पाल निवासी ग्राम दुर्गापुर थाना मायापुर एवं नवल जाटव निवासी ग्राम सलैया थाना पिछोर जिला शिवपुरी म.प्र. पूर्व से ही धीरज साहू के सम्पर्क मे थे जिनमे से धर्मेन्द्र जाटव व बृजेश प्रजापति भी कर्जे मे थे अतः धीरज साहू ने उक्त सभी को एक ङ्क एक लाख रुपये देने का प्रलोभन देकर बैंक में चोरी के लिये तैयार किया । उक्त घटना को अंजाम देने के लिये गैस कटर का सामान, दो ऑक्सीजन के सिलैण्डर झांसी उ.प्र. से खरीदने के पश्चात मास्टर माइण्ड धीरज साहू के द्वारा अपने साथियों की मदद से आसपास के बैंक, एटीएम की रैकी करना प्रारम्भ किया । रैकी करने के दौरान कस्वा खनियाधाना मे एटीएम काटने का प्लान तैयार किया गया परन्तु पुलिस का प्रभावी गश्त होने के कारण कस्वा खनियाधाना मे एटीएम काटने का प्लान निरस्त किया गया । इसके पश्चात गूढ़र मे स्थित पंजाब नेशनल बैंक को टारगेट किया गया । गूढ़र के पंजाब नेशनल बैक को इसलिये टारगेट मे लिया गया क्योकि धीरज साहू का कहना था कि गूढ़र मे पुलिस चौकी नहीं है और थाने से दूर भी है । रैकी करने के पश्चात मास्टर माइण्ड धीरज साहू के द्वारा दिनांक 15.01.2024 को अपनी कार से रवाना होकर अपने साथी अनिल झां जो कि पीथमपुर मे स्थित स्टील फैक्ट्री मे गैस कटर के माध्यम से बैल्डर एवं कटर के रुप मे कार्य कर रहा था को लेने के लिये इन्दौर पहुंचा और उसे अपने साथ लेकर मायापुर लौटा और दिनांक 16 - 17.01.2024 की दरम्यानी रात्रि मे अपनी अल्टो कार क्रमांक एमपी 33 जेड ई 0893 मे



गैस कटर का सामान रखकर अपने अन्य छः साथियों की मदद से पीएनबी बैंक ग्राम गूढ़र थाना खनियाधाना को टारगेट करके गैस कटर की मदद से चोरी करने की नियत से रवाना हुआ । नवल जाटव एवं धर्मेन्द्र जाटव को मोटर साइकिल से थाना खनियाधाना मे पुलिस की आमद रफ्त पर नजर रखने के लिये भेजा गया और स्वंय एवं धर्मेन्द्र विश्वकर्मा , अनिल झां , अरविन्द्र पाल , बृजेश प्रजापति के साथ अपनी अल्टो कार से रात्रि मे करीब 01.30 बजे गूढ़र मे स्थित पंजाब नेशनल बैंक पर पहुंचा । वहां पहुंचकर बैंक के आसपास बने घरों के दरबाजो की कुन्डियां बाहर से बन्द कर दी उसके पश्चात सबसे पहले बैंक के बाहर लगे सीसीटीव्ही कैमरे पर बृजेश प्रजापति के द्वारा कागज की चिट लगा दी और अरविन्द्र पाल गाड़ी के पास खड़ा रहकर व धर्मेन्द्र विश्कर्मा बैंक के बाहर खडे होकर पुलिस की रैकी करने लगे उसके पश्चात गैस कटर चलाने मे माहिर अनिल झां के द्वारा बैंक के मैन गेट के ताले काट दिये और मास्टर माइण्ड धीरज साहू व बृजेश प्रजापति के साथ सामान लेकर बैंक के अन्दर घुस गये अन्दर घुसकर सबसे पहले बृजेश प्रजापति व धीरज साहू ने कैमरों के पावर स्विच बन्द कर दिये उसके पश्चात बृजेश, धीरज और अनिल झां के द्वारा बैंक की तिजोरी को गैस कटर की मदद से काटा गया । काटने के दौरान पुलिस के भ्रमण पर नजर रखने के लिये धीरज साहू ,नवल जाटव से मोवाइल पर लगातार सम्पर्क बनाये हुये था तिजोरी काटने के दौरान ऑक्सीजन सलैण्डर की ऑक्सीजन खत्म होने के पश्चात इन लोगो ने धीरज साहू के घर पर रखे ऑक्सीजन सलैण्डर को लेने के लिये बिचार बनाया और बैंक से निकाले गये, मोडैम , फिंगर प्रिंट स्कैनर डिवाइस, नेटवर्क स्विच एवं राउटर , एडोप्टर को कार मे रखकर पुनः धीरज की अल्टो से धीरज साहू के घर मायापुर पहुंचे और धीरज साहू के घर मे रखे ऑक्सीजन सलैण्डर को कार मे डालकर पुनः गूढ़र बैक के पास पहुचे जैसे ही गांव के पास पहुचे तो पुलिस की गश्ती जीप के सायरन की आबाज सुनी तो पकड़े जाने के डर से यह सातों आरोपी लौटकर वापस धीरज साहू के घर मायापुर लौट गये उसके पश्चात धीरज साहू के द्वारा अरविन्द्र पाल व बृजेश प्रजापति को राउटर और नेटवर्क सम्बंधित स्विंच , एडोप्टर को नष्ट करने हेतु दिये और आक्सीजन सिलैण्डर को छुपाने के लिये अनिल झां को दिया और घटना के समय इस्तेमाल किया गया यू आर स्मार्ट प्रो की पैड मोवाइल व गोविन्द पुत्र विहारी के नाम से खरीदी गई फर्जी सिम बृजेश प्रजापति को नष्ट करने के लिये दी और कियोस्क चलाने मे काम आने वाला बायोमैट्रिक मशीन (फिंगर स्कैनर डिवाइस ) स्वंय अपने पास रख लिया इसके पश्चात यह सभी लोग अपने अपने घरो को चले गये । धीरज साहू के द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि समस्त आरोपियो का कोई आपराधिक रिकार्ड नही होने से उसे इस बात का विश्वास था कि पुलिस का शक किसी भी हालात मे हम लोगों पर नहीं जायेगा इसलिये धीरज के द्वारा सभी को दैनिक कार्य सामान्य रुप से करने के लिये समझाइस दी गई थी ।

03. आरोपीगणो ने तिजोरी काट तो ली थी परन्तु पुलिस की उपस्थित मे बैंक प्रबन्धन ने जब तिजोरी का कटा हुआ गेट जो करीबन ढाई से तीन क्विंटल बजनी है को खीचा तो बह जमीन पर गिर गया बैंक प्रबन्धन के द्वारा मौके पर बताया गया कि तिजोरी मे रखे हुये करीबन साढ़े आठ लाख रुपये सुरक्षित है ।

04. घटना घटित करने वाले आरोपीगण - धीरज साहू (मास्टर माइण्ड) निवासी मायापुर, अनिल झां ( गैस कटर मास्टर) , धर्मेन्द्र विश्कर्मा , धर्मेन्द्र जाटव , बृजेश प्रजापति, निवासीगण ग्राम पीपल खेड़ा एवं अरविन्द्र पाल निवासी ग्राम दुर्गापुर थाना मायापुर एवं नवल जाटव निवासी ग्राम सलैया थाना भौती जिला शिवपुरी म.प थाना प्रभारी थाना खनियाधाना निरी. रत्नेश सिंह यादव के द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये त्वरित टीम गठित कर साइबर सैल की मदद से घटना माइस्टर माइण्ड धीरज साहू निवासी मायापुर , धर्मेन्द्र विश्कर्मा , धर्मेन्द्र जाटव निवासीगण ग्राम पीपल खेड़ा एवं अरविन्द्र पाल निवासी ग्राम दुर्गापुर थाना मायापुर एवं नवल जाटव निवासी ग्राम सलैया थाना भौती जिला शिवपुरी म.प्र. को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त अल्टो कार क्रमांक एमपी 33 जेडई 0893 व हीरो होण्डा स्पैलण्डर मोटर साइकिल एवं बैंक चोरी किये गया सामान जप्त कर गिरफ्तार किया गया । घटना के दो आरोपी बृजेश प्रजापति, अनिल झां निवासीगण ग्राम पीपल खेड़ा थाना मायापुर के घटना दिनांक से फरार है । जिनकी तलाश जारी है । उक्त कार्यवाही मे निरी रत्नेश यादव , उनि मनोज सरयाम, सउनि प्रकाश सिह कौरव , प्र.आर. 489 जितेन्द्र रायपुरिया , आर. 907 अरूण मेवाफरोष , आर. 211 लालसिह , आर. 937 विकाश चौधरी , आर. 1046 बलराम , आर. 408 धर्मेन्द्र कुशवाह एवं साइबर टीम आर. आलोक , आर. जलज रावत व आर. विकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# लक्षद्वीप अरब सागर में बिखरता मोती



*अगर आप केरल घूमने जाएं और लक्षद्वीप न जाएं और लक्षद्वीप न जाएं तो आपकी केरल यात्रा को अधूरी ही रहेगी। क्योंकि जब हम केरल की यात्रा पर जाते है तो सोचते है कि लक्षद्वीप भी क्यो न घूमा जाएं। लक्षद्वीप कहने को तो छेटा सा केन्द्र शासित राज्य है लेकिन यहां घूमने, फिरने और मौजमस्ती करने के लिए कई सुन्दर और मनमोहक स्थल है और अगर आप तैरना जानते है या विंड सर्फिंग, स्कूबा डाइविंग, पेरासेलिंग, स्नोकर्लिंग तो लक्षद्वीप आपके लिए और भी खूबसूरत हो जाता है।*

हरे-भरे केरल के तट से 200 मील दूर अरब सागर में 27 द्वीपों के समूह को सामूहिक रूप से लक्षद्वीप के नाम से जाना जाता है। लेकिन लक्षद्वीप के मात्र 10 द्वीपों पर ही मनुष्य रहते हैं। इन द्वीपों पर किसी प्रकार का उद्योग नहीं है और यहां दैनिक उपयोग की सारी सामग्री दूसरे प्रदेशों से आती है। 32 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला यह द्वीप प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है। समुद्र की लहरों का शोर और नारियल के पेड़ों से टकराकर लौटती हवाएं, कृत्रिम शोर-शराबे से दूर यहां के शान्त लैगून और धूप में चमकती यहां का समुद्री बीच पर्यटकों के दिलो-दिमाग पर यादगार छाप छोड़ती हैं। आप यहां समुद्री जीवन से नजदीक से रुबरु हो सकते है। पानी के खेल में रुचि रखने वाले जैसे स्कूबा डाइविंग और स्नोर्कलिंग के आकर्षण में बहुत से पर्यटक यहां खींचे चले आते हैं। यह भारत का सबसे छोटा केन्द्र शासित प्रदेश होने के बावजूद यह पर्यटन के लिहाज से सबसे लोकप्रिय है। लक्षद्वीप पहुंचने पर अब सवाल उठता है कि यहां क्या देखा जाए। देखने के लिहाज से तो बहुत कुछ है लेकिन यहां समुद्र में बने छोटे-छोटे टापू और उन टापूओं की सैर करना जैसे रोमांच भरा होता है।



## कवरत्ती

यह लक्षद्वीप की राजधानी है और यहां ही इस प्रदेश का प्रशासनिक मुख्यालय है। कवरत्ती में नौकायन का मजा लिया जा सकता है। समुद्र के किनारे रेत पर लेटकर धूप सेंकना पर्यटकों को यहां बहुत भाता है। आप जामनाथ मस्जिद जाकर लकड़ी पर की गई बेहतरीन नक्काशी का नमूना देख सकते है। समुद्र में सैर का लुत्फ उठाने के लिए यहां डोंगी और पॉल नावें भी किराए पर मिलती हैं।

## कलपेनी

यह स्थान अपनी सुंदरता और तिलक्कम व पिट्टी नामक छोटे टापुओं के लिए प्रसिद्ध है। कलपेनी के उत्तर में चेरियम नाम का सूनसान टापू भी काफी लोकप्रिय है। 2.79 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैले कलपेनी को विशाल और उथले लैगून ने चारों ओर से घेर रखा है। यहां तैराकी एकायक, सेल बोट, पेडल बोट आदि का आनंद लिया जा सकता है। यहां किराए पर वाटर स्पोर्ट्स क्राफ्ट की व्यवस्था है।

## मिनीकॉय

यह एक चन्द्राकार टापू है और मालदीप के सबसे निकट स्थित है। 10.6 किमी लम्बा मिनीकॉय लक्षद्वीप का दूसरा सबसे बड़ा टापू है। मालदीपिन संस्कृति मिनीकॉय को एक विशिष्ट पहचान देती हैं। यहां का लाइट हाउस सबसे अधिक प्रसिद्ध हैं। इस लाइट हाउस को अंग्रेजों ने बनवाया था। वर्तमान में यहां भारत की आन-बान और शान भारतीय तिरंगा हर समय लहराता रहता है।



मिनीकॉय की टूना कैनिंग फैक्टरी टूना फिशिंग का प्रमुख केन्द्र है। इसके अलावा यहां का लावा नृत्य भी काफी प्रसिद्ध है। लावा खासतौर से पुरूषों का नृत्य है जिसमे ड्रम की धुनों पर नाचा जाता है। मिनीकॉय 10 गांवों का समूह है जिन्हें अथिरिस कहा जाता है।

## कदमत

यह द्वीप 8 किमी लम्बा और 550 मीटर चौड़ा है। इसके पश्चिम के खूबसूरत उथले लैगून वाटर स्पोर्ट्स के शौकीनों को अनेक रोमांचकारी अवसर प्रदान करते हैं। कदमत के पूर्व में एक संकरा लैगून है। यहां दूर-दूर फैले लम्बे रेतीले समुद्री बीच पर्यटकों को अपनी ओर खिंचे चले आने के लिए मजबूर कर देते हैं। पर्यटकों के लिए यहां टूरिस्ट हट की व्यवस्था है। यह हट लैगून के सामने नारियल के बगीचों में स्थित हैं। शहर के शोर शराबे से दूर यह जगह पर्यटकों के बीच काफी प्रसिद्ध है। कदमत चूने के पत्थरों के लिए भी प्रसिद्ध है। हाल की में कदमत में स्कूबा डाइविंग केन्द्र स्थापित किया गया है। कदमत की सुंदरता पर्यटकों को स्वर्ग के आनंद की अनुभूति कराती है।

## बंगारम

यह एक निर्जन टापू है और मात्र पर्यटकों के लिए ही खुला रहता है। यहां के नारियल के पेड़ गर्मियों के दिनों में भी वातावरण को शीतल बनाए रखते हैं। इस टापू पर शार्क मछली और समुद्री कछुए को देखा जा सकता हैं। यहां विंडसर्फिंग, स्कूबा डाइविंग, पेरासेलिंग, स्नोर्कलिंग के आनंद का मजा लिया जा सकता है।

## अगत्ती

यहां लक्षद्वीप के सबसे सुन्दर लैगून हैं। लक्षद्वीप में प्रवेश हेतु एकमात्र एयरपोर्ट यहीं स्थित है। साथ ही 20 बेड वाला टूरिस्ट कॉम्पलेक्स यहां बनाया गया है। यह टापू 3.84 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। विदेशी पर्यटकों को यहां रुकने की अनुमति नहीं है।

## अनद्रोथ

यह द्वीप लक्षद्वीप का सबसे बड़ा द्वीप है। घने नारियल के पेड़ इस द्वीप की सुंदरता में वृद्धि करते हैं। लक्षद्वीप में इस द्वीप के लोगों ने सबसे पहले इस्लाम को अपनाया। मौलवी उबयदुल्लाह ने यहां के लोगों का धर्म परिवर्तित किया था। जूमा की मस्जिद में इस संत का मकबरा स्थित है। मछली पालन यहां के लोगों का प्रमुख व्यवसाय है। भारत सरकार ने अनद्रोथ के पूर्व में आधुनिक लाइट हाउस टॉवर बनवाया है। टॉवर का निर्माण 1966 में जाकर पूरा हुआ था।



## बित्रा

यह द्वीप लक्षद्वीप के सबसे छोटे द्वीपों में से एक है। किसी जमाने में इस द्वीप पर केवल जंगल ही था। समुद्री पक्षियों के प्रजनन स्थल के रूप में इस स्थान को जाना जाता था। उन्नीसवीं सदी के प्रारंभ में मछुआरों ने यहां स्थायी रूप से बसना प्रारंभ कर दिया। लक्षद्वीप के खूबसूरत द्वीपों में से एक बित्रा में पर्यटक यहां की सैर करना कभी नहीं भूलते।

## कैसे पहुंचे

**वायुमार्ग-** अगत्ती में लक्षद्वीप का एकमात्र एयरपोर्ट है। अगत्ती नियमित उड़ानों से कोच्चि से जुड़ा हुआ है। कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत के लगभग सभी प्रमुख शहरों से जुड़ा है। हेलिकॉप्टर के माध्यम से भी लक्षद्वीप तक पहुंचा जा सकता है।

**जलमार्ग-** लक्षद्वीप पहुंचने के लिए पानी का जहाज अच्छा विकल्प है। कोच्चि से रोजाना कुछ यात्री जहाज संचालित होते हैं। जहाज के माध्यम से लक्षद्वीप पहुंचने में लगभग 18.20 घन्टे का समय लगता है। मॉनसून के दौरान पानी के जहाज की सेवाएं बंद रहती हैं।

## खरीददारी

लक्षद्वीप से यादगार के रूप में स्मारिका खरीदी जा सकती हैं। साथ ही प्रवाली शंख, सीप, घेंघा आदि से निर्मित हस्तशिल्प के सामान की भी खरीददारी की जा सकती है।

## लक्षद्वीप- एक नजर

**लोकेशन-** अरब सागर का मध्य, केरल के तट से 200.400 किमी दूर
**क्षेत्रफल-** 32वर्ग किमी
**अधिकतम तापमान-** 32 डिग्री से.
**न्यूनतम तापमान-**27 डिग्री से.
**औसत वार्षिक वर्षा-**160 सेमी
**राजधानी-** कवरत्ती
**भाषा-** मलयालम, म्हाल और अंग्रेजी
**धर्म-** इस्लाम व अन्य

## कहां ठहरें

**द बंगारम आइसलैंड रिजोर्ट**
**होटल बोनहाबी (कलपेनी)**
दूरभाष- 03776-262710
**अगत्ती आइसलैंड बीच रिजोर्ट**
**कदमत बीच रिजोर्ट**
इन होटलों के अलावा बंगारम, कवरत्ती और कदमत में फैमिली हट की व्यवस्था है जो

# शिमला आइस स्केटिंग रिंक

**हिमाचल प्रदेश में स्कीइंग का इतिहास बहुत पुराना नहीं है। इस खेल का प्रारम्भ ब्रिटिश शासनकाल में स्थापित शिमला आइस स्केटिंग क्लब के उपरान्त ही हुआ। शिमला आइस स्केटिंग रिंक के अस्तित्व की कहानी भी बेहद रोचक है। शिमला में निवास कर रहे एक अंग्रेज मि0 ब्लैसिंगटन ने एक बार जब शिमला में रिवाली के स्थान पर स्थापित वर्तमान आइस स्केटिंग रिंक मैदान में जब पानी की तहों को जमते देखा तो उसने सोचा कि यदि इस मैदान में पानी फैला कर जमा दिया तो यहाँ एक बड़ा रिंक निर्मित हो सकता है। इस मैदान को इससे पूर्व टेनिस कोर्ट के रूप में प्रयुक्त किया जाता था। उनकी योजना सफल हुई और उसने इस टेनिस कोर्ट को बर्फ में परिवर्तित करने में सफलता हासिल कर ली।**

सन् 1920 के आसपास की बात है जब लोगों ने टेनिस कोर्ट को आइस स्केटिंग रिंक में बदलते देखा। यह बात यहाँ के लोगों के लिए आश्चर्य से कम न थी। आईस स्केटिंग रिंक के अस्तित्व में आने के साथ ही शिमला आइस स्केटिंग क्लब का गठन हो गया। प्रारम्भ में किसी भी भारतीय के लिए इस क्लब की सदस्यता पर प्रतिबंध था लेकिन शिमला के लोगों ने सदस्यता ग्रहण करने हेतु बराबर संघर्ष किया और परिणामस्वरूप सन् 1945 के आसपास यहाँ के कुछ नागरिकों को इसकी सदस्यता प्राप्ति में सफलता मिल गई। इनमें श्री जुगल खन्ना, एस. सी. खन्ना, श्रीमती श्यामा खन्ना और जस्टिस खोसला प्रमुख थे। भारत की आजादी के साथ ही यह क्लब लोकतांत्रिक रुप से यहाँ के खेल प्रेमियों के पास आ गया।

1953-54 के आसपास कुफरी में स्कीइंग की ढलानों का पता लगाया और इन्हें इस खेल के लिए उपयुक्त पाकर कुफरी विंटर क्लब का गठन कर लिया गया। पहला विंटर स्कीइंग उत्सव वर्ष 1955 में आयोजित किया गया था जिसमें नॉरवेजियन एम्बेसडर ने सभी प्रतियोगिताएँ जीत ली थीं। इसके बाद प्रति वर्ष कुफरी में 1968 तक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की स्कीइंग प्रतियोगिताएं होती रहीं। वर्ष 1968 का शीतकालीन उत्सव, कुफरी में अन्तिम उत्सव के रुप में मनाया गया था जिसमें लगभग दस हजार से अधिक लोग शामिल हुए थे। इसका कारण कुफरी में बर्फबारी का कम होना था। हालांकि आंशिक रुप से कुफरी की ढलानों में स्कीइंग होती रही लेकिन कम बर्फ के कारण वह रोमांच नहीं रहा जो शीतकालीन उत्सवों में होता था। इसके बाद कुछ और स्थालों पर स्कीइंग की ढलानों की तलाश प्रारम्भ कर दी गई और वर्ष 1980 में नारकण्डा इसका विकल्प खोज लिया गया और नारकण्डा की ढलानों पर स्कीइंग प्रेमियों ने स्कीइंग करनी शुरू कर दी।

नारकण्डा में स्कीइंग

नारकण्डा की ढलानों को देश व विदेश में लोकप्रिय बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अथक प्रयासों से निगम के निदेशक मंडल ने यह निर्णय लिया कि गुलमर्ग से किसी विशेषज्ञ को आमंत्रित करके इन ढलानों का चयन करवाया जाए ताकि इनका विकास प्राधिकृत रूप से हो सके। इसलिए भारतीय स्कीइंग एवं पर्वतारोहण संस्थान गुलमर्ग के प्रधानाचार्य ले0 कर्नल वी.पी.एस. चौहान शिमला आए और उन्होंने नारकण्डा की ढलानों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन ढलानों को स्कीइंग के लिए गुलमर्ग से भी बेहतर बताया और इसी संस्थान के सहयोग से वर्ष 1980 में 25 जनवरी से 5 फरवरी तक पहला प्रयोगात्मक स्कीइंग कोर्स निगम द्वारा शुरु कर लिया गया। दूसरा कोर्स 6 फरवरी से आरम्भ हुआ जिसमें बहुत से प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। गुलमर्ग के संस्थान ने स्कीइंग का आवश्यक सामान और दो स्की लिफ्टें भी निगम को दी। उसी साल से निरन्तर पर्यटन विकास निगम द्वारा प्रति वर्ष नारकण्डा में पन्द्रह और सात दिनों की अवधि के लघु स्की कोर्स जनवरी से मार्च तक आयोजित किए जाते रहे जिनमें न केवल भारत के विभिन्न स्थानों से बल्कि विदेशों तक से प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। नारकण्डा स्कीइंग के कारण देश व विदेश में विख्यात बन गया। लेकिन धीरे-धीरे कम बर्फबारी से नारकण्डा की ढलानों का पहले जैसा रोमांच बरकरार न रह पाया। निगम ने कई सालों तक सात व पन्द्रह दिनों के स्कीइंग प्रशिक्षण कोर्स चलाए लेकिन बाद में स्कीइंग योग्य बर्फबारी न होने के कारण केवल सात दिनों के कोर्स ही चलाए जाते रहे। नारकण्डा शिमला से 65 किलोमीटर दूर और समुद्रतल से 2700 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। आवास के लिए इस स्थान पर पर्यटन विकास निगम का होटल हाटू उपलब्ध है।

एक समय था जब हिमाचल प्रदेश में सर्दियों के दिनों में जनजीवन शून्य सा हो जाता था। बर्फबारी के साथ ही इसके कुल 55.673 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से लगभग 33.000 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र बर्फकी चादर से ढक जाता था और लगभग सात लाख से भी ज्यादा लोग बर्फ की दीवारों में कैद होने को विवश हो जाते थे। हालांकि आज भी बर्फ गिरने से लाहुल, स्पिति, भरमौर, पांगी, डोडराक्वार और किन्नौर सहित कुछ अन्य क्षेत्र हिमाचल के निचले इलाकों से चार-पांच महीनों के लिए कट जाया करता हैं। लेकिन कुछ सालों से अब कम बर्फबारी के कारण जनजीवन उतना प्रभावित नहीं होता जितना आज से पन्द्रह-बीस वर्ष पहले हुआ करता था।

मनाली और शिमला जैसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में कोई चहल पहल शीतकालीन मौसम में नहीं होती थी। लेकिन आज हिमाचल में जिस तरह से शीतकालीन खेल स्कीइंग, हेली स्कीइंग और आइस स्केटिंग लोकप्रिय हुए है उससे सर्दियों के मौसम का स्वागत भी पर्यटक, मौसम की ही तरह होने लगा है। हिमाचल प्रदेश की पर्वत-मालाएँ जब बर्फ की सफेद चादर ओढ़ लेती है तो उनका नज़ारा देखते ही बनता है। देश तथा विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए शीतकाल का यह मौसम अलग ही आकर्षण लिए रहता है। इसके साथ ही बर्फ के खेल के प्रेमियों के लिए तो यह बर्फीला मौसम कुछ अधिक उल्लास और स्फूर्ति लिए आता है। इनकी आँखे अनवरत दिसम्बर मास से ही आसमान की ओर टकटकी लगाए रहती हैं कि कब धरती बर्फ की वर्षा से आच्छादित हो और वे इन खेलों का आनन्द ले सकें। यही हाल देश व विदेश से यहाँ भ्रमण के लिए आए पर्यटकों का भी होता है। वे भी वर्ष भर बर्फबारी का इंतजार करते रहते हैं। तकरीबन उन सभी ऐसे सैरगाहों पर पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ती है जहां से बर्फ के परिदृश्य बिल्कुल करीब से देखे जा सकते हैं। हिमाचल में जिन सैरगाहों पर स्कीइंग होती है, वहां वातावरण तो रोमांच और उल्लास से भरा रहता है।



# ईरानी राष्ट्रपति ने जताई यूरोप के साथ संबंध सुधारने की इच्छा

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा है कि ईरान यूरोपीय देशों के साथ संबंधों का विस्तार करने को इच्छुक है, बशर्ते वे उसके प्रति शत्रुता नहीं दिखाते हैं।
ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर रविवार को प्रकाशित एक बयान के अनुसार, रायसी ने राजधानी तेहरान में ईरान में बेल्जियम के नए राजदूत मिशेल मल्हेर्बे के साथ पहली औपचारिक मुलाकात में यह टिप्पणी की।
उन्होंने कहा, "ईरान के पास आपसी विश्वास और सम्मान के आधार पर विभिन्न देशों के साथ संबंध बढ़ाने की कोई सीमा नहीं है। ईरान की इच्छा यूरोपीय राज्यों के साथ संबंधों को बढ़ावा देना है, जब तक कि कोई देश ईरान के प्रति शत्रुता नहीं रखना चाहता।"



समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यूरोपीय देशों को अपने हितों और संबंधों को अमेरिकी हितों से परे रखते हुए आगे बढ़ाने की सलाह दी, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसमें अच्छी प्रतिष्ठा या विश्वसनीयता की कमी है।
बेल्जियम के राजदूत ने कहा कि उनका देश ईरान के साथ संबंध विकसित करने का इच्छुक है और उन्हें उम्मीद है कि वह मौजूदा चुनौतियों का समाधान करके द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दे सकते हैं।

# व्लादिमीर पुतिन प्योंगयांग आना चाहते हैं : उत्तर कोरिया

**सोल।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया का दौरा करने की इच्छा जताई है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में ये बात कही गई। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के निमंत्रण पर सोमवार से बुधवार तक रूस की आधिकारिक यात्रा के दौरान रणनीतिक वार्ता की। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच गहरा रणनीतिक संचार है और कोरियाई प्रायद्वीप और पूर्वोत्तर एशिया की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर आम सहमति बनी है।
इसमें कहा गया है कि उत्तर कोरिया और रूस ने दोनों देशों के मूल हितों की रक्षा करने और स्वतंत्रता और न्याय पर आधारित एक नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था स्थापित करने के लिए रणनीतिक और सामरिक सहयोग को और मजबूत करने की दृढ़ इच्छा व्यक्त की। इसमें कहा गया है कि पुतिन ने दक्षिण कोरिया के नेता किम जोंग उन को प्योंगयांग आने के निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और जल्द से जल्द देश का दौरा करने की इच्छा व्यक्त की।



# अफगानिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त रूसी विमान में पायलट सहित चार यात्री जीवित

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के दूरदराज के एक ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुए रूस के एक निजी विमान में पायलट और तीन यात्री जीवित पाए गए हैं। तालिबान ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विमान में कुल छह लोग सवार थे। दुर्घटना बदख्शां प्रांत के एक पर्वतीय इलाके में शनिवार को हुई थी।
तालिबान के क्षेत्रीय प्रवक्ता जबीउल्ला अमीरी ने बताया कि दुर्घटना शनिवार को बदख्शां प्रांत के जेबक जिले के पास एक पर्वतीय इलाके में हुआ था। एक बचाव दल दुर्घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। जेबक अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से करीब 250 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। यह एक ग्रामीण और पर्वतीय इलाका है।
तालिबान के परिवहन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक ऑनलाइन बयान जारी कर कहा कि विमान प्रांत के कुफ आब जिले में अरुज कोह पर्वत के पास पाया गया। बयान में कहा गया, पायलट को अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात की खोजी टीम ने ढूंढ़ लिया। पायलट के मुताबिक, वह और तीन अन्य लोग जीवित हैं।



शेष लोगों की तलाश की जा रही है।
मास्को में, रूसी नागरिक उड्डयन अधिकारियों ने कहा कि एक दसॉल्ट फाल्कन 10 लापता हो गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान में चालक दल के चार सदस्य और दो यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि रूस के पंजीकरण वाले विमान से संपर्क टूट गया और यह रडार के स्क्रीन से ओझल हो गया। रूसी अधिकारियों ने कहा कि विमान एथलेटिक ग्रुप एलएलसी और एक निजी व्यक्ति से संबद्ध था।
मोरक्को में पंजीकृत दसाल्ट फाल्कन (डीएफ-10) विमान एक एयर एंबुलेंस के रूप में परिचालित किया जा रहा था। यह थाईलैंड के उतापाओ हवाई अड्डे से मास्को जा रहा था। वहीं तालिबान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रेयान की ओर से जारी एक बयान के अनुसार विमान मोरक्को की एक कंपनी का था। रेयान ने कहा कि दुर्घटना विमान का इंजन बंद हो जाने की वजह से हुई।

# फ्लोरिडा के गवर्नर डीसेंटिस भी राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटे, ट्रम्प का किया समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के गवर्नर रॉन डीसेंटिस न्यू हैम्पशायर प्राइमरी से ठीक दो दिन पहले 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो गए हैं, और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया है।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की



रिपोर्ट के अनुसार, एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में डीसेंटिस ने कहा, "हमारे पास जीत का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं है।" वीडियो में, डीसेंटिस ने कहा कि वह ट्रम्प का समर्थन कर रहे हैं क्योंकि यह "स्पष्ट हो गया" है कि "रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं का बहुमत डोनाल्ड ट्रम्प को एक और मौका देना चाहता है"।
डीसेंटिस की घोषणा आयोवा कॉकस में ट्रम्प से 30 प्रतिशत अंकों की हार के कुछ ही दिनों बाद आई। ट्रम्प 51 प्रतिशत के साथ आगे चल रहे थे और डीसेंटिस 21 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर थे।

# दमिश्क पर इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के ठिकानों पर पिछले सप्ताह इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है।
सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने रविवार को कहा कि 13 हताहतों में पांच ईरानी थे, जिनमें से तीन ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) में कमांडिंग भूमिका निभाते थे, चार सीरियाई ईरानी मिलिशिया के साथ अनुबंधित थे, दो लेबनानी व्यक्ति, एक इराकी नागरिक और एक सीरियाई नागरिक कार्यकर्ता था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली मिसाइलों ने शनिवार को समृद्ध माजेह वेस्टर्न विला इलाके पर हमला किया। इसमें विशेष रूप से एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया, जहां कथित तौर पर आईआरजीसी कमांडरों की एक बैठक हो रही थी।

# न्यूयॉर्क का टाइम्स स्क्वायर राममय, लहराए गए केसरिया ध्वज

**न्यूयॉर्क।** इस समय सारी दुनिया राममय है। अमेरिका में रामनाम की धूम है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर को भारतीय प्रवासियों ने रोशन किया है। भारत के अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर उत्सव मनाया जा रहा है। टाइम्स स्क्वायर के आसपास लोग केसरिया और तिरंगा ध्वज फहरा खुशी मना रहे हैं।
इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले कैलिफोर्निया के बे एरिया को 1,100 से अधिक लोगों ने राममय कर दिया। भगवान श्रीराम के मंदिर के चित्र वाले भगवा झंडों के विशाल कार रैली निकाली। इस रैली का आयोजन बे एरिया के छह स्वयंसेवी हिंदुओं ने किया। कार रैली सनीवेल से वार्म स्प्रिंग बीएआरटी स्टेशन, गोल्डन गेट तक निकाली गई। इसके अलावा शनिवार शाम को भव्य ह्यटेस्ला कार लाइट शोह्न का आयोजन किया गया। विशाल राम रथ के साथ निकाली गई इस रैली ने लगभग 100 मील की दूरी तय की। रैली आयोजक रोहित शर्मा,



दीप्ति महाजन और दीपक बजाज ने सभी को बधाई दी है।

# दमिश्क पर इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई




**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के ठिकानों पर पिछले सप्ताह इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है।
सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने रविवार को कहा कि 13 हताहतों में पांच ईरानी थे, जिनमें से तीन ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) में कमांडिंग भूमिका निभाते थे, चार सीरियाई ईरानी मिलिशिया के साथ अनुबंधित थे, दो लेबनानी व्यक्ति, एक इराकी नागरिक और एक सीरियाई नागरिक कार्यकर्ता था।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली मिसाइलों ने शनिवार को समृद्ध माजेह वेस्टर्न विला इलाके पर हमला किया। इसमें विशेष रूप से एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया, जहां कथित तौर पर आईआरजीसी कमांडरों की एक बैठक हो रही थी।

सीरियाई विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इजरायली हमले की कड़ी निंदा की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से ऐसे "अत्याचारों" को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया।

# रूस के कब्जे वाले डोनेटस्क में भीषण गोलीबारी, 25 की मौत

**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में मरने वालों की संख्या लगातार दोनों तरफ से बढ़ती जा रही है। ताजा मामले में रूस के कब्जे वाले डोनेटस्क शहर के बाहरी इलाके में स्थित बाजार में रविवार को भारी गोलीबारी में 25 लोगों की मौत हो गई। रूस द्वारा बनाए गए शहर के मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने कहा उपनगर टेकस्टिलशचिक पर हमले में दो बच्चों समेत 20 अन्य लोग घायल हो गए।
मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने दावा किया कि यूक्रेनी सेना की ओर से यह गोले दागे गए।



हालांकि, मामले में कीव ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इधर, रविवार को ही रूस के उस्त-लुगा बंदरगाह पर रासायनिक परिवहन टर्मिनल में दो विस्फोटों के बाद आग लग गई।
स्थानीय मीडिया के अनुसार, बंदरगाह पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला किया था। इसके बाद गैस टैंक में विस्फोट हो गया। जिसके बाद रूस में प्राकृतिक गैस के दूसरे सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी नोवाटेक की साइट पर आग लग गई।रूसी अधिकारी ने बताया कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन जिले को हाई अलर्ट पर रखा गया है। रूस की सेना ने यूक्रेन के खार्कीव क्षेत्र के एक गांव क्रोखमल्ने पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी और यूक्रेन सेना के प्रवक्ता ने भी इसकी पुष्टि की। इससे पहले गुरुवार को रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन के पूर्वी डोनेटस्क में वेसले नामक बस्ती पर कब्जा करने की जानकारी दी थी।

# फिलीपींस में बाढ़, भूस्खलन से मरने वालों की संख्या15 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के दावाओ क्षेत्र में भूस्खलन और भीषण बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या रविवार को आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 15 हो गई।
राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने कहा कि 15 मौतों में से 13 दावाओ डी ओरो प्रांत में और दो दावाओ शहर में हुई। इसमें कहा गया है कि कम से कम पांच लोग घायल हो गए।
मिंडानाओ द्वीप पर दावाओ क्षेत्र के पांच प्रांतों में भारी बारिश के कारण



बाढ़ और भूस्खलन से 349,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।
एजेंसी ने कहा कि सोमवार से गुरुवार तक भारी बारिश के कारण पूरे क्षेत्र में बाढ़ आ गई और कई जगह भूस्खलन हुआ।

# कैशलेस भुगतान में भारत ने अमेरिका को पछाड़ा, विदेश मंत्री जयशंकर बोले- हर भारतीय नागरिक का जीवन हुआ आसान

**एएनआई, अबुजा (नाइजीरिया)।** नाइजीरिया दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को आज अपनी परंपराओं, अपनी संस्कृति और अपने इतिहास पर गर्व है।

**हर भारतीय नागरिक का जीवन हुआ आसान- जयशंकर**

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अमेरिका तीन सालों में जितना कैशलेस लेनदेन करता है, भारत एक महीने में ही उतना भुगतान करता है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय नागरिक का जीवन आसान हो गया है और ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने बहुत गहरे तरीके से टेक्नोलॉजी को अपनाया है। आप इसे भुगतान में देख सकते हैं, आज बहुत कम लोग नकद भुगतान करते हैं और बहुत कम लोग नकदी स्वीकार करते हैं।

**भारत में आया बड़ा बदलाव- जयशंकर**

जयशंकर ने कहा कि मेरे लिए एक देश एक चुनौती से कैसे निपटता है और इस तरह के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन करने में सक्षम होता है। कैसे एक औसत नागरिक का जीवन बेहतर होता है, कैसे हम कुछ ऐसा करने में सक्षम होते हैं। जो दुनिया की कल्पना को कैप्चर करते हैं।

# अटल बिहारी वाजपेयी IIITM, ग्वालियर में श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा का शानदार महोत्सव7 11000 दियों से जगमग हुआ परिसर

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर- 22 जनवरी, श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर, अटल बिहारी वाजपेयी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंफ़ॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (द्धद्धद्धञ्चरू), ग्वालियर में शानदार उत्सव किया गया। इस घड़ी में छात्र, शिक्षक, और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या ने भाग लिया7 कार्यक्रम सुबह सुंदरकांड पाठ के साथ प्रारंभ हुआ जिससे भक्ति और पवित्रता का वातावरण परिसर में बना। दोपहर में



भंडारा का अयोजन किया गया। प्रोग्राम का मुख्य आकर्षण दीपोत्सव रहा, जिसमें 11,000 दीपों को प्रज्वलित किया गया और विभिन्न रूपों में सजाया गया। रंगीन प्रदर्शन और जीवंत संगीत के साथ श्रोतागण मन्त्रमुग्ध हुए। छात्र, शिक्षक, और कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाते हुए संस्थान की सहयोगी भावना का मजबूती से पुनर्निर्माण किया।। सभी उत्सव से बहुत खुश हैं। संस्थान के छात्रों ने मर्यादापुरुषोत्तम श्री राम कि चारित्रिक विशेषताओं को आत्मसात करने का प्रण लिया। जय श्री राम के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी श्रीमती दीपा सिंह सिसोदिया के द्वारा दी गई।

## सूर्या रोशनी की भरोसेमंद रोशनी के 50 साल पूरे, साझेदारों संग मनाई खुशियाँ

# सूर्या रोशनी ने भोपाल में 'उज्ज्वल भारत - लाइटिंग के नए कॉन्सेप्ट और नई टेक्नोलॉजी'' का खास कार्यक्रम किया

भोपाल जनवरी 2024 - सूर्या रोशनी अपने कारोबार के 50वें वर्ष में भारत के सबसे जाने-माने एवं भरोसेमंद लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील पाइप औरपाइप ब्रांडों में प्रतिष्ठित नाम है।हाल में सूर्या रोशनी लिमिटेड ने एक विशेष आयोजन कर अपने उद्योग के साझेदारों, सरकार के सलाहकारों, वास्तुकारों और अन्य सहयोगियों को एक मंच पर शामिल कर कम्पनी की प्रगति और इनोवेशन के अब तक के सफर की सफलता की खुशियाँ मनाई।''उज्ज्वल भारत - लाइटिंग के नए कॉन्सेप्ट और नई टेक्नोलॉजी'' थीम पर इस आयोजन का उद्देश्य बीते पांच दशकों में भारतीय लाइटिंग उद्योग में आए बड़े बदलाव में सूर्या की अहम भूमिका सामने रखना है। यह सूर्या का स्वाभिमान है कि कम्पनी पूरे भारत के प्रतिष्ठित इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में योगदान देते हुए विभिन्न लाइटिंग टेक्नोलॉजी के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है।ग्लोबल वार्मिंग के संकट को समझते हुए सूर्या ने कम बिजली खपत करने वाले शानदार ल्यूमिनेयर विकसित कर सस्टेनेबिलिटी पर ड़ोर दिया है। सूर्या के इनोवेशन कार्बन प्रदूषण कम करने और पर्यावरण सुरक्षा का लक्ष्य पूरा करने में सक्षम हैं। सूर्या को यह विश्वास है कि 2025 तक अधिक रोशनी और सक्षमता वाले स्मार्ट लाइट




पेश कर काम-काज की जगह रोशनी अधिक और बिजली खपत कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।इस अवसर पर, सूर्या रोशनी के प्रेसिडेंट (प्रोफेशनल लाइटिंग) श्री व्रजेंद्र सेन ने कहा, ''हम कारोबार के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस अवसर पर इनोवेशन और सस्टेनेबलिटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहे हैं। सूर्या कम बिजली खपत करने वाले लाइटिंग सोल्यूशन पेश करते हुए उज्जवल और स्वच्छ भारत बनाने में योगदान देती रहेगी।''

**सूर्या रोशनी लिमिटेड का परिचय-** सूर्या रोशनी ने 1973 में शुरुआत कर एक ऐसे संगठन का स्वरूप प्राप्त किया जोकि लाइटिंग और कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स व्यवसाय के विकास में सफल है और जिसका स्टील पाइप्स और स्ट्रिप्स व्यवसाय पर दबदबा कायम है। कम्पनी ने 1973 में शुरुआत स्टील ट्यूब बनाने से की और विविधता लाते हुए 1984 में लाइटिंग, 2010 में पाइप और 2014-15 में पंखे और घरेलू उपकरण जैसे कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स के क्षेत्र में कदम रखा।स्टील पाइप्स और स्ट्रिप्स व्यवसाय में सूर्या के उत्पादों की एक बड़ी रेंज है और यह भारत में त्रढ्ढ पाइप का सबसे बड़ा निर्माता और पाइप का सबसे बड़ा निर्यातक है। यह व्यवसाय 2018 में 3रु कोटिंग संयंत्र और अप्रैल 2022 में डायरेक्ट फॉर्मिंग टेक्नोलॉजी लगने के बाद और मड़बूत हुआ है। सूर्या का भारत की सबसे बड़ी लाइटिंग कम्पनियों में नाम है। कम्पनी के लाइटिंग व्यवसाय में सामान्य से लेकर आधुनिक लाइटिंग की बड़ी रेंज बनती है। कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स व्यवसाय में तरह-तरह के पंखे और घरेलू उपकरण उपलब्ध हैं।भारत में चार दशकों से अधिक समय से 'सूर्या' ब्रांड और 'प्रकाश सूर्या' की मड़बूत पकड़ है। सूर्या ने रु.8000 करोड़ से अधिक आमदनी के साथ अपने दोनों व्यवसायों यानी स्टील पाइप्स एवं स्ट्रिप्स और लाइटिंग एवं कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स में बड़े डीलर नेटवर्क के साथ पूरे भारत में मड़बूती से मौजूद है।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लौटे पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने राम भक्तों में बाटें अयोध्या के लड्डू

## भाजपा कार्यकर्ताओं एवं रामभक्तों ने श्री पवैया का भव्य स्वागत

**ग्वालियर ।** श्री राम लला के महोत्सव में शामिल होकर बुधवार की शाम अयोध्या से ग्वालियर लौटे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र भाजपा के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया का रामभक्तों ने जहां भावभीना स्वागत किया। वहीं पवैया ने राम भक्तों में अयोध्या के लड्डू बांटकर बधाइयां दी।बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व रामजन्म भूमि आंदोलन के अग्रणी नेता जयभान सिंह पवैया ने कहा कि 22 जनवरी के वे क्षण आलौकिक व अकल्पनीय हैं जब देश की चारों दिशाओं से आई हुई संत विभूतियां फिल्मी व कला जगत की अनेकों हस्तियों के आखों से अश्रु धारा बहने लगी। एक युग था जब राम भक्तों को गोलियां खानी प?ी, लेकिन 22 जनवरी को आकाश में वायु सेना के जहाज प्रभु श्री राम जी और राम भक्तों पर पुष्प वर्षा कर रहे थे। अयोध्या की



भूमि पर राष्ट्रीय चेतना का शंखनाद हुआ है और मुझे विश्वास है कि रामलाला के दिव्य मंदिर में विराजते ही अब भारत को भव्य बनाने से कोई रोक नहीं पाएगा‍ विपक्षी दल जहां देश को जातियों और कबीलों में बांटने लगे हैं वहीं राम का रामत्व देश को एक धागे में बांध लेगा। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उद्बोधन ऐसा लग रहा था जैसे शिकागो में विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति की विजय उद्घोष किया था। जयभान सिंह पवैया प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लेने के बाद बुधवार को ग्वालियर अपने निज निवास सेवापथ पहुंचे, जहां उनका भाजपा नेताओं, कार्यकताओं एवं रामभक्तों ने भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इसके साथ ही आतिशबाजी चलाकर पुष्प वर्षा भी की गई। इससे पूर्व ग्वालियर की सीमा पर सैंक?ों रामभक्तों ने ग्वालियर की सीमा पर उनका आत्मीय स्वागत किया और पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी जलाई।

# इतिहास विभाग में स्वतंत्रता आन्दोलन में आजाद हिन्द फौज का योगदान विषय पर हुआ विशेष व्याख्यान का आयोजन



**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में 24 जनवरी बुधवार को स्वतंत्रता आन्दोलन में आजाद हिन्द फौज का योगदान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता शुभम शर्मा ने आजाद हिन्द फौज की परिकल्पना, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा विभिन्न ब्रिगेडो एवं रेजिमेन्टो आदि में विभाजन, विभिन्न मोर्चों पर उनकी तैनाती, भारत की स्वतंत्रता के लिए उनके द्वारा लड़ी गई अनेक लडाईयों के साथ-साथ नेताजी एवं आजाद हिन्द फौज के विविध ज्ञात, अल्पज्ञात एवं अज्ञात अथवा भ्रामक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। व्याख्यान के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से दर्शाए गए विभिन्न यूरोपीय देशों के नेताओं, जिनका नेताजी को सहयोग प्राप्त हुआ था, आजाद हिन्द फौज के अधिकारियों एवं सिपाहियों, आदि की शक्ल मानसपटल पर उतर गई। मानचित्रों ने आजाद हिन्द फौज द्वारा अपनाए गए युद्ध मार्गों की जानकारी को स्पष्टता प्रदान की। आजाद हिन्द फौज को प्रोत्साहित करने के लिए जो विभिन्न कविता, गीत और नारों का प्रयोग किया गया था, उनका सःस्वर पाट किया जिसकों सुनकर सभी प्रतिभागी रोमांचित हो उठे।कार्यक्रम के अध्यक्ष बी.एस.एफ. अकादमी टेकनपुर के कमांडेंट हर्षवर्धन सिंह रावत ने सीमा सुरक्षा में बी.एस.एफ. के योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान जो आज का बांग्लादेश है कि स्वतंत्रता के लिए गाठित मुक्तिवाहिनी सेना को प्रशिक्षित करने में सीमा सुरक्षा बल की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अविनाश तिवारी ने की। उन्होंने प्रस्तुत ज्ञानवर्धक व्याख्यान के साथ-साथ इतिहास विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे सभी अकादमिक कार्यकमों के लिए विभागाध्यक्ष, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सराहना की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयास करते रहने के लिए कहा। कुलपति द्वारा मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि को शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद समाजविज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर शांतिदेव सिसोदिया ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। उन्होंने अपने उदबोधन में कांग्रेस द्वारा चलाए गए स्वतंत्रता आंदोलन में दो दल बन गये थे जिनमें नरम दल तथा गरम दल। गरमदल के नायक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस थे जिसका स्वतंत्रता के योगदान में महत्वपूर्ण योगदान था। इस अवसर पर एलएनआईपी के पूर्व उपकुलसचिव मेजर शशिभूषण शर्मा, सीमा सुरक्षा बल के असिस्टेंट कमान्डेट कपिल कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी एवं सैनिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के शिक्षक डॉ. जयंती शर्मा, डॉ. भारतभूषण, राकेश कुमार, आकाश शर्मा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा

# जोन 15 पर कम्प्यूटर ऑपरेटर के अभाव में नहीं मिल पा रहा हितग्राहियों को लाभ : जौहरी



**ग्वालियर ।** शहर जिला कांग्रेस विकलांग कल्याण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं राष्ट्रीय शसक्त आत्मनिर्भर ट्रस्ट नई दिल्ली के राष्ट्रीय सलाहकार अनूप जौहरी ने मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रियों द्वारा बार-बार नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों को हिदायत देते हुये घोषणाएं की जा रही है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मध्यप्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। अब इससे बडी विडम्बना क्या हो सकती है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित नगर निगम के अधिकारियों के ऊपर मंत्रियों के आदेश बेअसर दिखाई दे रहे है जिसका जीता जागता उदाहरण है कि नगर निगम का क्षेत्रिय जन मित्र केन्द्र 15 मोर बाजार स्थित सट्टा होल के सामने जिस पर प्राप्त जानकारी अनुसार करीब दस बारह दिन से कंप्यूटर ऑपरेटर के अभाव में हितग्राही सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित होने के साथ साथ अपने कागजात जमा करने के लिए चक्कर लगा लगा लगाकर परेशान हो रहे हैं।

जानकारी अनुसार जब आज से दस बारह दिन पहले जोन 15 पर पूर्व में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर का स्थानांतरण किए जाकर जोन 16 पर पदस्थ किया गया है तब से आज दिनांक तक जोन 15 पर दूसरा ऑपरेटर नियुक्त नहीं किया जाना नगर निगम के इससे संबंधित अधिकारियों की ब?ी उदासीनता को उजागर तो करता है और इससे ऐसा प्रतीत भी होता है कि मंत्रीगणों के आदेश भी इन पर बेअसर नजर आ रहे हैं।

# स्व. राजा पंचम सिंह पहाडगढ की स्मृति में दो दिवसीय खेल एवं वाद विवाद स्पर्धा 27 से



ग्वालियर। राजपूत हितकारिणी सभा ग्वालियर एवं राजपूत छात्रावास ग्वालियर में महानगर के प्रथम महापौर एवं सभा के संस्थापक अध्यक्ष स्व राजा पंचम सिंह जी (पहाडगढ) की स्मृति में खेल एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 27 - 28 जनवरी को किया जा रहा है। इस स्पर्धा में महाविद्यालय संस्थानों के छात्र छात्राओं एवं युवा जो खेलों में रूचि रखते हैं को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी पत्रकारों को देते हुये राजपूत हितकारिणी सभा ग्वालियर के अध्यक्ष संत कृपाल सिंह ने बताया कि स्पर्धा में भाग लेने के लिये 26 जनवरी को अंतिम तिथि रखी गई है। इसके लिए आवेदन राजपूत हितकारिणी सभा ग्वालियर की बेवसाइट से फार्म को डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि छात्रों एवं युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि भी रखी गई है। उन्होंने बताया कि बालीबाल प्रतियोगिता का समय प्रतिदिन 9 से 5 बजे तक राजपूत छात्रावास प्रांगण में रहेगा। वहीं वाद विवाद स्पर्धा का समय 9:30 से 12:30 बजे तक माधव विधि महाविद्यालय में रहेगा। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय एकल चुनाव रख गया है। यह स्पर्धा माधव विधि महाविद्यालय एवं राजपूत छात्रावास के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई है। संत कृपाल सिंह ने बताया कि इन आयोजनों का समापन 28 जनवरी को सायंकाल 4 बजे राजपूत छात्रावास में पुरस्कार वितरण के साथ किया जायेगा। पत्रकार वार्ता में उपाध्यक्ष दशरथ सिंह तोमर, नरेन्द्र सिंह सिकरवार, महासचिव उत्तम सिंह कुशवाह, संयुक्त सचिव सरनाम सिंह तोमर, जागेश्वर सिंह भदौरिया, आयोजन समिति के संयोजक सुधीर सिंह भदौरिया अधीक्षक राजपूत छात्रावास भारत सिंह भदौरिया दिलीप तोमर, सत्येन्द्र तोमर, आदित्य सिंह , अमित भदौरिया, आनंद सिंह , अभिजीत भदौरिया अरविन्द भदौरिया, देवेन्द्र कुशवाह, विजय भदौरिया,एवं अंशु भदौरिया आदि मौजूद थे।

# इंटरनेशनल प्रेरक वक्ता राजयोगिनी उषा दीदी 7-8 फरवरी को ग्वालियर में

ग्वालियर। प्रजापिता ब्रहमकुमारीज ईश्वरीय विश्वविघालय ग्वालियर के बैनर तले आगामी 7 एवं 8 फरवरी को सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता राजयोगिनी वी.के. उषा दीदी विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। उषा दीदी ब्रहमकुमारीज अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय प्रेरक वक्ता हैं और उन्हें सुनने के लिये भारी संख्या में लोग उमड़ते हैं।वह सकारात्मक परिवर्तन वर्ष थीम के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेंगी। वह मुख्य वक्ता रहेंगी। उषा दीदी 7 फरवरी को



प्रातः 8 से 10 बजे तक सकारात्मक चिंतन में सकारात्मक परिवर्तन एवं सायं 5 से 7 बजे तक खुशियों को अवसर दो पर अपने उदबोधन देंगी। इसी के तहत वह 8 फरवरी को प्रातः 8 से 10 बजे तक तनाव मुक्त जीवन व सायं 6 से 7.30 बजे तक आध्यात्मिक सशक्तिकरण पर संबोधन देंगी। यह सभी कार्यक्रम श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया सभागार चेंबर आफ कामर्स में होंगे। कार्यक्रम के लिये प्रजापिता ब्रहमकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है।

# डीसीसीआई ने नोएडा से श्याम सेवादार राजेश भारद्वाज को दिया चेयरमैन का दायित्व

खाटू श्याम मंदिर / सीकर7 नोएडा के निवासी एवं खाटू श्याम मन्दिर,सीकर,राजस्थान के श्याम सेवादार राजेश भारद्वाज को डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई )ने कॉर्पोरेट अफेयर्स कम्युनिकेशन का चेयरमैन नियुक्त किया है। यह जानकारी देते हुए डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान और पीसीसीए आई अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया ने कहा कि खाटू श्याम सीकर,राजस्थान के श्याम सेवादार राजेश भारद्वाज जो की नोएडा में रहते हैं,जिनकी दिव्यांग खिलाड़ियों के प्रति समर्पण भावना, अध्यात्म से जुड़े होने व सामाज और राष्ट्र की कड़ी से लंबे समय से जुड़े हुए हैं, छोटी काशी भिवानी में राजेश भारद्वाज का जन्म हुआ और प्राथमिक शिक्षा ग्वालियर में की।।ग्वालियर में उनके पिता जी बिरला ग्रुप में कार्यरत थे , ग्वालियर में 35 साल संघर्ष करने के उपरांत आज वर्तमान में नोएडा में जिनका परिवार रहता है। वही से खाटू श्याम मन्दिर,सीकर,राजस्थान में श्याम सेवादार बनकर सेवा कर रहे हैं।उन्होंने कहा जीवन का उतार च?ाव उन्हें ग्वालियर ने ही सिखाया जिसको कभी नही भुलाया जा सकता

# विद्वानों के सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ भवभूति समारोह

**ग्वालियर।** कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर और महाकवि भवभूति शोध एवं शिक्षा समिति ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पाँच दिवसीय अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह का समापन नगर निगम ग्वालियर के अपर आयुक्त प्रदीप श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में संस्कृत के विद्वानों का सम्मान शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ.गोविन्द गन्धे ने शॉल एवं श्रीफल द्वारा प्रदीप श्रीवास्तव और प्रो.अविनाश तिवारी कुलपति जीवाजी विश्वविद्यालय का सम्मान किया।



कार्यक्रम में देशभर से आए संस्कृत के लगभग 50 संस्कृत विद्वानों एवं कवियों का नगरनिगम द्वारा सम्मान किया गया।कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ.गोविन्द गन्धे ने सम्पूर्ण कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नगरनिगम अपर आयुक्त प्रदीप श्रीवास्तव ने सभी विद्वानों को सम्मानित करने के लिए नगरनिगम के गौरवान्वित होने का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो.अविनाश तिवारी ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और आगे दिव्य-भव्य रूप में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी प्रकार का सहयोग देने का वचन दिया। सभी अतिथियों ने पूर्व में चार दिवसों में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

सम्मानित किये गए विद्वानों में प्रो. अविनाश तिवारी, प्रो. जे.एन. गौतम, प्रो. एस.के. द्विवेदी, प्रो. हेमन्त शर्मा, डॉ. अरुण सिह चौहान, डॉ. गोविन्द गन्धे, अनिल बारोड़, डॉ. लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, डॉ. शैलेष कुमार तिवारी, डॉ. रामविनय सिंह, डॉ. राजकुमार मिश्र, डॉ. मंजूषा कुलकर्णी, प्रो. सारिका वार्ष्णय,बाबूलाल मीणा, डॉ. बालकृष्ण शर्मा, डॉ. कृष्णा जैन, डॉ. विष्णुनारायण तिवारी, डॉ. हिमांशु द्विवेदी, आदित्य श्रीवास्तव, रजत सिंह, डॉ. विकास शुक्ल, डॉ. राजू राठौर, डॉ. गिर्राज गुप्ता, डॉ. आशा सिंह रावत, डॉ. नीरज शर्मा, डॉ. अशोक विश्नोई, डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. राखी वशिष्ठ, डॉ नरोत्तम निर्मल, डॉ. प्रतिभान सिंह गुर्जर, डॉ. राजकुमार शर्मा, श्री प्रेमशंकर अवस्थी,श्यामसुन्दर पाराशर, डॉ. नरोत्तम त्रिपाठी, टोटन माईति सम्मिलित हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बालकृष्ण शर्मा एवं आभार प्रदर्शन प्रो.जे.एन. गौतम ने किया।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में हुए शामिल



ग्वालियर। बीते रोज पूरे विश्व की नजरें अयोध्या में श्री रामलला के स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा पर थी। श्री राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से पूरे भारत से 6 हजार लोग ही इस विशेष कार्यक्रम में आमंत्रित थे। इसी विशेष कार्यक्रम में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया को दो दिन पूर्व आरएसएस अधिकारी द्वारा आमंत्रण प्राप्त हुआ था। महाआर्यमन सिंधिया प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए और सोशल मीडिया में इसकी फोटो उन्होंने डाली है। महाआर्यमन अपने पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह ही बहुत हाई स्टाइलिश लुक में दिख रहे है। वह ब्लैक गागल, शॉल व भगवा पट्टा पहने हुए दिख रहे है।


स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478